दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 53 जयपुर, गुरुवार, 01 फरवरी, 2024 | माघ, कृष्ण पक्ष- षष्ठी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

औचक निरीक्षण

## संवेदनशील सरकार

विनायक शर्मा

शायद राजस्थान में यह पहली बार हुआ कि कोई उपमुख्यमंत्री खुद किसी बस स्टैंड का औचक निरीक्षण करने पहुंचा हो। जी हां, यह हकीकत है, कोई अफसाना नहीं, सुबह जब राजस्थान रोडवेज के सबसे बड़े बस अड्डे जयपुर के सिंधी कैंप के अफसर ड्यूटी पर पहुंचे ही थे, या कुछ पहुंचने की तैयारी कर रहे थे कि इस सूचना ने उनकी आलस एक ही झटके में उड़ा दी कि उपमुख्यमंत्री डॉ.प्रेमचंद बैरवा बस स्टैंड का निरीक्षण कर रहे हैं। सभी भागे-भागे पहुंचे और व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की कोशिश करने लगे, वर्ना तो कौन इस बस स्टैंड पर सफाई, यात्री सुविधाओं आदि की सुध लेता है। अफसर तो कभी निरीक्षण करते दिखते ही नहीं। और तो और, कभी यात्री किसी अव्यवस्था की शिकायत लेकर उनके पास पहुंच भी जाए तो उसके प्रति टालमटोल का रवैया रहता है, समाधान की बात तो भूल ही जाइए। उपमुख्यमंत्री बैरवा ने बस अड्डे की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया तो उन्हें एक 18 वर्ष से कम आयु का किशोर सफाईकर्मी दिखा। उन्होंने पूछताछ के बाद तुरंत जांच के आदेश दिए। उन्होंने बसों के अंदर जाकर यात्रियों से उनकी सुविधाओं के बारे में जानकारी ली, और चालकों-परिचालकों के बिना वर्दी ड्यूटी करने को गंभीरता से लिया। सबसे बड़ी बात तो यह कि किसी ने जब उनसे वहां टॉयलेट की गंदगी और पैसा वसूली की बात कही तो खुद ही जाकर शौचालयों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए और जनता को किसी प्रकार की कोई असुविधा होने पर सख्ती बरतने की चेतावनी दी। बहरहाल, डॉ.बैरवा के औचक निरीक्षण के बाद बस अड्डे पर तो सुधार होगा, तय है, लेकिन इस बस स्टैंड के ठीक बाहर जो निजी ट्रैवल्स की बसों का जमघट लगा रहता है और सड़कों पर बुकिंग टेबलें लगी रहती हैं, जिससे वहां से वाहन तो क्या, पैदल भी निकलना मुश्किल हो जाता है और रोडवेज को भी नुकसान होता है, उसके बारे में भी वे संज्ञान लेंगे, ऐसी उम्मीद है।

वाकई भाजपा सरकार के सत्ता संभालते ही जिस तरह खुद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और मुख्य सचिव सुधांश पंत अफसरों के अनुशासन को लेकर सक्रिय हुए हैं, वह वाकई संदेश है कि जनहित की अनदेखी सहन नहीं की जाएगी। सीएस पंत ने तो जेडीए और कलेक्ट्रेट के औचक निरीक्षण में जिस तरह फाइलों को देखा, उनके फोटो लिए और अफसरों के खिलाफ एक्शन लिया, वह सराहनीय है। वहीं, परिवहन विभाग की एसीएस श्रेया गुहा ने भी टोंक बस स्टैंड, परिवहन विभपोस्ट आदि का आकस्मिक निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दे जनता में सरकार के प्रति भरोसा बढ़ाया। एक कदम बढ़कर खुद सीएम शर्मा ने तो एक थाने में अचानक पहुंच जनता के प्रति संवेदनशीलता बरतने और पीड़ित को न्याय दिलाने के निर्देश देकर इस भरोसे को और दृढ़ किया है। इसी तरह पंचायती राज और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने जयपुर जिले की सांगानेर पंचायत समिति की ग्राम पंचायतों में अचानक पहुंच सभी को चौंकाया ही नहीं, बल्कि यह स्पष्ट भी कर दिया कि जनहित के कामों के प्रति कोताही नाकाबिले बर्दाश्त होगी। इतना ही नहीं, दिलावर ने सांगानेर, चाकसू और शिवदासपुरा क्षेत्रों में सरकारी विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उनके सामने चाकसू स्कूल में एक टीचर 'सौंदर्य' और 'ब्रह्मचारिणी' जैसे शब्द सही नहीं लिख पाई। उन्होंने लेट लतीफ टीचर्स को नोटिस देने के निर्देश दिए। इतना ही नहीं, उन्होंने बच्चों के साथ बैठकर भोजन भी किया।

बहरहाल, सीएम शर्मा, डिप्टी सीएम डॉ.प्रेमचंद बैरवा और मंत्री मदन दिलावर व ब्यूरोक्रेसी के मुखिया सुधांश पंत आदि जिस तरह से जनहित के प्रति संवेदनशीलता दिखा रहे हैं, वही सच्चा 'लोक' तंत्र होने की निशानी है और यह सरकार की सराहनीय पहल है।

कई घंटों की पूछताछ के बाद ED का बड़ा एक्शन: राज्यपाल को झारखंड के 43 विधायकों ने सौंपा समर्थन पत्र

# जमीन घोटाले में हेमंत सोरेन अरेस्ट, चंपई होंगे CM

एजेंसी | रांची

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों के अनुसार ईडी की टीम ने जमीन घोटाला मामले में करीब 7 घंटे की लंबी पूछताछ के बाद सीएम हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया गया है।

ईडी द्वारा अपनी गिरफ्तारी की अटकलों के बीच हेमंत सोरेन के पद छोड़ने के बाद चंपई को झामुमो विधायक दल का नेता चुना गया। इसके बाद हेमंत सोरेन राजभवन पहुंचकर राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया। हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद चंपई सोरेन को बुधवार को राज्य में सत्तारूढ़ गठबंधन द्वारा सर्वसम्मति से झामुमो विधायक दल का नेता चुना गया। सत्तारूढ़ गठबंधन ने नए मुख्यमंत्री के रूप में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता चंपई सोरेन सीएम पद की शपथ लेंगे। चंपई सोरेन ने कहा कि हमने नई सरकार बनाने का दावा पेश किया है, हमारे पास 47 विधायकों का समर्थन है।

### राजभवन के बाहर बढ़ाई सुरक्षा

इस बीच मुख्यमंत्री आवास के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। साथ ही राजभवन और ईडी दफ्तर के बाहर भी भारी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। मुख्यमंत्री आवास, राजभवन और ईडी दफ्तर के 100 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू कर दी गई है।



### दस बार जारी किया जा चुका ED का समन

ईडी की ओर से सोरेन को 10 बार समन जारी किया जा चुका है। दसवीं बार समन जारी होने के बाद हेमंत सोरेन का कोई ठिकाना नहीं मिल रहा था। दिल्ली स्थित हेमंत सोरेन के आवास पर भी ईडी ने छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी अफसरों ने भारी मात्रा में नकदी बरामद की। साथ ही अफसरों ने हेमंत सोरेन की एक लग्जरी कार भी जब्त कर ली थी।

### ED अफसरों के खिलाफ दर्ज कराया मामला

हेमंत सोरेन की ओर से ईडी अधिकारियों के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया है। रांची पुलिस के मुताबिक, हेमंत सोरेन ने रांची के धुरवा पुलिस स्टेशन में ईडी अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं का कहना है कि केंद्र के इशारे पर ईडी हमारे नेता को परेशान करने की कोशिश कर रही है। इससे पहले हेमंत सोरेन ने ईडी अधिकारियों को एक ईमेल भेजा था। इसमें हेमंत सोरे ने ईडी के एक्शन को राजनीति से प्रेरित बताया था। झारखंड के सीएम ने कहा था कि राज्य सरकार के कामकाज को बाधित करने के लिए राजनीतिक एजेंडे के तहत यह कार्रवाई की जा रही है।

तीन थानों पर ही बना दिया पुलिस जिला

17 में से 7 जिलों का फिर से किया जा सकता है विलय

# भजन सरकार करेगी नए जिलों पर फिर से मंथन!

सात जिलों में एसपी की जगह ASP को मिल सकती है जिले की कमान

छोटे-छोटे जिले बनाए जाने से बढ़ेगा वित्तीय भार, इसलिए होगा फिर से रिव्यू

ओमप्रकाश शर्मा | बेधड़क

**जयपुर।** कांग्रेस सरकार द्वारा विधानसभा चुनावों से पहले प्रदेश में 17 जिले बनाए जाने पर अफसरों ने आपत्तियां करना शुरू कर दिया है। दरअसल, सरकार ने ऐसे जिले भी बना दिए है, जहां पर केवल तीन ही पुलिस थाने है। खास बात है कि पुलिस सर्किल और उपखंड मुख्यालय भी नाममात्र के है। ऐसे में अब सरकार का वित्तीय भार तो बढ़ेगा ही, साथ में आधारभूत संसाधनों की भी कमी रहेगी। सूत्रों का दावा है कि पुलिस मुख्यालय और सचिवालय में बैठने वाले प्रशासनिक अधिकारियों ने कुछ जिलों को लेकर सरकार के सामने आपत्ति रखी है। ऐसे में 17 में से 7 जिलों को फिर से विलय किया जा सकता है। इसको लेकर सरकार द्वारा अफसरों के साथ मिलकर मंथन किया जा रहा है। पुलिस के नए जिले बनने से पहले 40 जिले थे, लेकिन अब पुलिस के ही 57 जिले हो गए हैं। भिवाड़ी को पुलिस जिला बना रखा है, लेकिन सरकार ने भिवाड़ी को जिला नहीं बनाया। सात जिले तो ऐसे बनाए गए, जहां पर क्राइम दूसरे जिलों के मुकाबले 40 फीसदी से कम है।



### ऐसे बढ़ेगा वित्तीय भार

पड़ताल में सामने आया कि नए बने जिलों में एसपी ऑफिस, एडिशनल एसपी ऑफिस व डिप्टी एसपी के ऑफिस के लिए बिल्डिंग बनेगी। इसी प्रकार कलेक्ट्रेट समेत अन्य विभागों के ऑफिस भी बनना प्रस्तावित है। खास बात है कि आईपीएस, आरपीएस, आईएएस व आरएएस के लिए सरकारी बंगले और पुलिस लाइन समेत अन्य भवन बनने हैं। इससे सरकार पर वित्तीय भार बढ़ेगा। भवन के अलावा जिलों में सभी विभागों के आधारभूत संसाधनों की जरूरत पड़ेगी। इससे करोड़ों रुपए का भार बढ़ेगा।

### इन जिलों का हो सकता है विलय

अजमेर रेंज के केकड़ी, भरतपुर रेंज के गंगापुर, बीकानेर रेंज के अनुपगढ़, जयपुर रेंज के दूदू व खैरथल, जोधपुर रेंज के फलौदी व बलोतरा, पाली रेंज के सांचोर व उदयपुर रेंज के सलूंबर जिले का विलय किया जा सकता है। क्योंकि इन जिलों में पुलिस थाने नाममात्र के है। दूदू जिले में तो तीन ही पुलिस थाने हैं। ऐसे में तीन थानों पर भारी-भरकम पुलिस लवाजमा लगाना पुलिस मुख्यालय के लिए सिरदर्द बन गया है। इसी प्रकार खैरथल में 5 पुलिस थाने, सांचोर में 5 और केकड़ी, अनूपगढ़, गंगापुर व फलौदी में 9-9 पुलिस थाने ही है।

### ये बनाए गए थे जिले

विधानसभा चुनाव से पहले केकड़ी, शाहपुरा, डीडवाना, ब्यावर, डीग, गंगापुर, अनूपगढ़, दूदू, खैरथल, कोटपूतली-बहरोड़, नीम का थाना, फलौदी, बालोतरा, सांचोर व सलूंबर को जिला बनाया था। इन जिलों की सीमाओ का निर्धारण भी हो चुका है। ज्यादातर पुलिस अधिकारी इन जिलों में से सात जिलों में तो पोस्टिंग भी नहीं लेना चाहते हैं।

### जिले में 13 पुलिस थाने तो होने चाहिए



"नए बनाए गए जिलों में से कुछ में 3 से 5 थाने हैं। ऐसे में वहां पर एसपी को लगाने की जरूरत नहीं है। इस बारे में सरकार से भी बात की जाएगी और राय मांगेंगे तो नए जिलों को लेकर रिपोर्ट देंगे। एक जिले में कम से कम 13 पुलिस थाने तो होने ही चाहिए।

- यूआर साहू, डीजीपी

झानवापी केस में कोर्ट का फैसला

# 30 साल बाद मिला व्यासजी के तहखाने में पूजा का हक

एजेंसी | प्रयागराज



ज्ञानवापी केस में बुधवार को हिंदू पक्ष में फैसला आया है। कोर्ट ने हिंदू पक्ष को व्यास जी के तहखाना में पूजा-पाठ करने का अधिकार दे दिया है। ज्ञानवापी मामले में हिंदू पक्ष का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा कि हिंदू पक्ष को 'व्यास का तहखाना' में पूजा करने की इजाजत दी गई है। जिला प्रशासन को 7 दिन के अंदर व्यवस्था करनी होगी। उन्होंने कहा कि पूजा सात दिनों के भीतर शुरू होगी। सभी को पूजा करने का अधिकार होगा। ज्ञानवापी स्थित व्यास जी के तहखाना को जिलाधिकारी को सौंपने और उसमें पूजा-पाठ का अधिकारी देने की मांग को लेकर पं. सोमनाथ व्यास के नाती शैलेंद्र पाठक की ओर से दाखिल मुकदमे में जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश ने मंगलवार को आदेश सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने इस प्रकरण में बुधवार को अपना आदेश सुनाया।

**क्या है व्यासजी का तहखाना?:** ज्ञानवापी परिसर में मौजूद व्यासजी तहखाना में पूजा की मांग को लेकर वर्षों से अदालती लड़ाई चल रही है। ताजा फैसले में बताया गया कि वादी हिंदू पक्ष ने बताया कि मंदिर भवन के दक्षिण दिशा में स्थित तहखाने में मूर्ति की पूजा होती थी। दिसंबर 1993 के बाद पुजारी व्यासजी को इस प्रांगण के बेरिकेट वाले क्षेत्र में प्रवेश करने से रोक दिया गया। इस कारण तहखाने में होने वाले राग-भोग आदि संस्कार भी रुक गए। हिंदू पक्ष ने दलील दी कि इस बात के पर्याप्त आधार है कि वंशानुगत आधार पर पुजारी व्यासजी ब्रिटिश शासन काल में भी वहां कब्जे में थे। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा कि भगवान नंदी जहां पर विराजमान हैं, उसके ठीक सामने व्यास परिसर का तहखाना है। यहां 1993 तक पूजा होती थी, लेकिन नवंबर, 1993 में मुलायम सिंह यादव की सरकार ने इसे अवैध रूप से बंद करा दिया था। साथ ही पूजा करने वाले पुजारियों को हटा दिया गया था।

## वित्त मंत्री सीतारमण आज पेश करेंगी अंतरिम बजट

एजेंसी | नई दिल्ली



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण गुरुवार को अपना छठा बजट पेश करेंगी। हालांकि, चुनावी साल होने के चलते ये पूर्ण बजट की जगह अंतरिम बजट होगा। ये सीतारमण का पहला अंतरिम बजट भी होगा।

लोकसभा चुनाव में कुछ माह शेष होने के चलते सरकार इस बजट में कई बड़ी लोकलुभावन घोषणाएं भी कर सकती है। इन घोषणाओं में सरकारी कर्मचारियों के वेतन बढ़ाने का भी ऐलान हो सकता है। वहीं अंतरिम बजट में युवा, महिलाओं और किसानों पर फोकस देखने को मिलेगा। संसद के बजट सत्र की शुरुआत से पहले बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि चुनाव से पहले पूर्ण बजट पेश नहीं करने की परंपरा रही है और उनकी सरकार भी ऐसा ही करेगी। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सरकार के इरादे के खाके के साथ बजट पेश करेंगी। लोकसभा चुनाव से पहले पेश किया जाने वाला यह अंतरिम बजट मोदी सरकार के इस कार्यकाल का आखिरी बजट है। ऐसे में इसके लोक-लुभावन होने की उम्मीद जताई जा रही है।

पेज 7 भी देखें

## एक मार्च से बंद होंगी Paytm Bank की कई सर्विस

एजेंसी | नई दिल्ली




भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को लेकर बड़ी कार्रवाई की है। आरबीआई ने पीपीबीएल को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड इस्ट्रूमेंट्स, वॉलेट एवं फास्टैग इत्यादि में 29 फरवरी, 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार करने से रोक दिया। आरबीआई की इस कार्रवाई के मुताबिक, पीपीबीएल यूजर्स को बैंकिंग की सुविधाएं मुहैया नहीं करा सकता है। दरअसल, रिजर्व बैंक ने यह कार्रवाई एक व्यापक प्रणाली ऑडिट रिपोर्ट और बाहरी ऑडिटरों की अनुपालन सत्यापन रिपोर्ट के बाद की।

काबिल अफसरों को मिली जिम्मेदारी

# 13 आईपीएस अफसरों के ट्रांसफर... गौरव होंगे मुख्यमंत्री सुरक्षा के IG

बेधड़क | जयपुर

राज्य सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा के 13 अफसरों की एक और तबादला सूची जारी की है। इन आईपीएस अफसरों में 1 डीजी, 8 आईजी और 4 डीआईजी रैंक के अधिकारी शामिल हैं। जयपुर के रहने वाले सीनियर आईपीएस अफसर गौरव श्रीवास्तव को मुख्यमंत्री सुरक्षा में आईजी लगाया गया है, जबकि डीजी रैंक के आईपीएस अफसर राजीव कुमार शर्मा को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) में महानिदेशक (डीजी) लगाया गया है। पिछले एक साल से एसीबी में डीजी का कार्यभार एडीजी हेमंत प्रियदर्शी के पास था। अब डीजी रैंक के अफसर की नियुक्ति की गई है।



### चार रेंज आईजी और जोधपुर के पुलिस कमिश्नर बदले

इस आईपीएस तबादला सूची में चार रेंज आईजी बदले हैं। जोधपुर पुलिस कमिश्नर रविदत्त गौड़ को कोटा रेंज आईजी लगाया गया है। इसी तरह विकास कुमार को जोधपुर ग्रामीण रेंज आईजी, राहुल प्रकाश को भरतपुर रेंज आईजी और ओमप्रकाश (द्वितीय) को डीआईजी पाली रेंज आईजी लगाया गया है। जोधपुर कमिश्नरेट के नए पुलिस कमिश्नर राजेंद्र सिंह होंगे।

### कई दिनों से चल रहा था एसीबी DG का पद रिक्त

एसीबी डीजी का पद कई माह से रिक्त चल रहा था और हेमंत प्रियदर्शी के पास अतिरिक्त चार्ज था। अब राजीव कुमार शर्मा को लगाया है, वे डीजीपी पद के सबसे मजबूत दावेदार थे, लेकिन अब उनको एसीबी में लगाने से डीजीपी पद पर यूआर साहू ही रहेंगे।

### सुहाना को किया नान फील्ड

आईजी पाली राघवेंद्र सुहाना को हटा दिया गया है। माना जा रहा है कि सुहाना की रेंज में लगे एसपी रैंक के अफसरों से अनबन चल रही थी इसलिए उनको नान फील्ड किया गया है।

### गौड़ को नेटवर्क का मिला फायदा

आईजी रवि दत्त गौड़ को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली। इसके पीछे वजह बताई जा रहीं है कि उनके दिल्ली में राजस्थान के एक नेता से अच्छा नेटवर्क था और वो पहले भी कोटा में तैनात थे।

### काबिल अफसरों को मौका

आईजी गौरव श्रीवास्तव को भरतपुर रेंज में तैनातगी का फायदा मिला है। उनके स्थान पर राहुल प्रकाश को भरतपुर रेंज आईजी लगाया गया है। इसके साथ ही लंबे समय से नान फील्ड में चल रहे काबिल अफसर विकास कुमार, राजेंद्र सिंह और ओमप्रकाश को रेंज की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है।

### तबादला सूची

1. राजीव कुमार शर्मा - महानिदेशक, एसीबी
2. एच. जी. राघवेंद्र सुहासा - आईजी, रेल्वेज
3 हिंगलाजदान - आईजी, नियम
4. रविदत्त गौड़ - रेंज आईजी, कोटा
5. प्रसन्न कुमार खमेसरा - आईजी, सीआईडी-सीबी (क्राइम ब्रांच)
6. गौरव श्रीवास्तव - आईजी, मुख्यमंत्री सुरक्षा
7. विकास कुमार - रेंज आईजी, जोधपुर ग्रामीण
8. राजेंद्र सिंह - पुलिस कमिश्नर, जोधपुर
9. जय नारायण - आईजी, इंटेलिजेंस
10. अंशुमन भोमिया - आईजी, एटीएस
11. राहुल प्रकाश - आईजी, भरतपुर रेंज
12. अनिल कुमार टांक - आईजी, लॉ एंड ऑर्डर
13. ओमप्रकाश (द्वितीय) - डीआईजी, पाली रेंज

## जरूरी खबर

### वरिष्ठ अध्यापक के 347 पदों पर निकाली भर्ती




**बेधड़क.जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा बुधवार को संस्कृत शिक्षा विभाग में 6 विषयों के लिए वरिष्ठ अध्यापक के कुल 347 पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी किया गया है। शैक्षणिक योग्यता, वर्गवार वर्गीकरण, आवेदन प्रक्रिया एवं अन्य जानकारी संबंधी विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि उक्त पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 6 फरवरी से 6 मार्च 2024 को रात्रि 12 बजे तक किए जा सकेंगे। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। परीक्षा तिथि व स्थान के संबंध में यथासमय सूचित कर दिया जाएगा।

### सहकारिता समिति उप रजिस्ट्रार केके मीणा निलंबित

**बेधड़क. जयपुर।** सहकारिता विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने सहकारी समितियां जयपुर शहर उप रजिस्ट्रार के के मीणा को निलंबित किया है। इसके लिए संयुक्त शासन सचिव मोहम्मद अबू बकर ने तत्काल प्रभाव से निलंबन के आदेश जारी किए है। उनके निलंबन को लेकर प्रशासनिक कारणों का हवाला दिया गया है। गौरतलब है कि पिछले दिनों केके मीणा पर कई गंभीर आरोप लगे थे। प्रशासनिक हलकों में उनके निलंबन को इससे जोड़ कर भी देखा जा रहा है।

### छात्रवृत्ति के लिए आवेदन की अंतिम तिथि अब 31 मार्च




**बेधड़क. जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से संचालित उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन की तिथि 31 जनवरी से बढ़ा कर 31 मार्च कर दी गई है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के निदेशक जगजीत सिंह मोंगा की ओर से इसका आदेश जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि राजस्थान के मूल निवासियों के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अति पिछड़ा वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक पिछड़ा वर्ग, विमुक्त, घुमंतु एवं अर्द्ध घुमंतु समुदाय, मिरासी-भिश्ती समुदाय तथा विद्यार्थी ऑनलाइन पंजीकरण 31 मार्च तक कर सकेंगे।

## उज्ज्वला योजना के गैस कनेक्शन देने में गैस कंपनियां कर रही लेटलतीफी

# देरी पड़ रही है भारी... उज्ज्वला कनेक्शन का इंतजार जारी

बजरंग लाल बुनकर | बेधड़क




**जयपुर।** गरीब महिलाओं को रसोई गैस कनेक्शन देने की केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना गैस कंपनियों की मनमर्जी के चलते परवान नहीं चढ़ पा रही है। हालात ये हैं कि आवेदक महिलाओं को योजना में निशुल्क गैस कनेक्शन लेने में लंबा इंतजार करना पड़ रहा है।

आवेदन के कई दिनों तक कंपनियों से कनेक्शन रिलीज नहीं किए जा रहे हैं। फिलहाल तीनों गैस कंपनियों में से एक इंडेन की ओर से कनेक्शन रिलीज किए जा रहे हैं। बाकी कंपनियों की ओर से 10 से 15 दिन में मात्र दो-चार कनेक्शन की मंजूरी दी जा रही है। ऐसे में जहां आवेदक महिलाओं को रसोई गैस जल्दी नहीं मिलने से धूंए से छूटकारा नहीं मिल पा रहा है। वहीं एक ही कंपनी के गैस कनेक्शन मिलने से कंपनी का एकाधिकार हो रहा है। इसके चलते भविष्य में गैस सिलेंडरों की डिलिवरी व्यवस्था पर भी असर पड़ सकता है। गैस कंपनियों के अधिकारी इस मामले को सरकार के स्तर का नीतिगत फैसला बताते हुए पल्ला झाड़ रहे हैं। वहीं गैस कंपनी की एसएलसी के एक अधिकारी ने बताया कि इस बारे में कंपनियों से जानकारी लेकर ही कुछ कार्रवाई की जाएगी।

### यह आ रही हैं दिक्कत

कनेक्शन में लेटलतीफी के मामले में कई गैस कंपनियों ने बताया कि उज्ज्वला योजना के आवेदन पोर्टल पर सबमिट तो हो रहे हैं, लेकिन आगे गैस कंपनियों से आवेदनों को रिलीज करने की नियमित मंजूरी नहीं मिल पा रही है। इनमें सबसे ज्यादा बीपीसीएल और एचपी गैस के उज्ज्वला गैस कनेक्शन के आवेदन शामिल हैं। जबकि इंडेन कंपनी के आवेदन हाथोंहाथ या उसी दिन रिलीज होने की स्थिति आ जाती है।

### दोबारा आवेदन नहीं होने से भी परेशानी

योजना में एक गैस कंपनी के कनेक्शन के लिए आवेदन करने के बाद आवेदक महिला को जब तक कनेक्शन देने पर अंतिम फैसला नहीं हो जाता तब तक पोर्टल पर दोबारा कनेक्शन के लिए आवदेन नहीं किया जा सकता। जबकि गैस कंपनियां कनेक्शन रिलीज करने में लंबा समय लगा रही हैं। इसके चलते आवेदक महिलाएं गैस एजेंसियों के दफ्तर के चक्कर काटने को मजबूर हैं। वहीं गैस एजेंसियां आगे से मंजूरी नहीं मिलने का हवाला देकर आवेदक महिलाओं को लौटा रही हैं। ऐसे में महिला आवेदकों को गैस कनेक्शन कब मिलेगा, मिलेगा या नहीं मिलेगा इस बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पा रही।

### कनेक्शन देने में पिछड़ रही दो कंपनियां

मौजूदा हालात में एक इंडेन कंपनी ही उज्ज्वला के गैस कनेक्शन देने में आगे है। जबकि दोनों कंपनी बीपीसीएल और एचपी गैस कंपनियां इससे काफी पिछड़ रही हैं। अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग गैस कपंनियों की सर्विस अच्छी रहने से उपभोक्ताओं को गैस डिलिवरी में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

"गैस एजेंसियों के सामने उज्जवला गैस कनेक्शन रिलीज करने में यह समस्या आ रही है कि इन कनेक्शनों की मंजूरी गैस एजेंसियों के बजाय गैस कंपनियों से मिलती है। जैसे ही मंजूरी मिलती है हम गैस कनेक्शन जारी कर देते हैं। यह समस्या कंपनी प्रबंधन को बताई जा जाएगी।

**दीपक सिंह गहलोत,** अध्यक्ष, एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स फेडरेशन ऑफ राजस्थान

## सीएम भजनलाल के विस में दिए बयान पर डोटासरा का पलटवार

# तारानगर वाले नेताजी से पूछिए कौन-सी चक्की का आटा खाता हूं

बेधड़क | जयपुर



कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सीएम भजनलाल शर्मा पर निशाना साधा है। डोटासरा ने कहा- मुख्यमंत्रीजी पूछ रहे थे कौन-सी चक्की का आटा खाते हैं जो 4-4 आरएएस बन गए...? ये तारानगर से लड़ने वाले नेताजी (राजेंद्र राठौड़) से पूछ लीजिए कौन-सी चक्की का आटा खाया।

वो ही पूछते थे कौन-सी चक्की का आटा खाया है, अब उनसे पूछ लीजिए। डोटासरा ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी में बुधवार को आयोजित बैठक के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि 6 महीने और रुक जाओ, इनके यहां क्या-क्या कारनामे होते हैं। उन्होंने व्यक्तिगत आरोप लगाया है, वह लगा सकते हैं। मैं जब राजस्थान विधानसभा में बोलूंगा, उनके हर आरोप का जवाब दूंगा। उनके कान खड़े हो जाएंगे। उनकी सुनने की क्षमता नहीं होगी और चिल्ला-चिल्ला कर बाहर भाग जाएंगे। प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा ने कहा कि अब वो किस स्तर पर चर्चा को ले जाना चाहते हैं, इस पर अभी ज्यादा कहने की जरूरत नहीं है। कुछ है तो जांच करवा लीजिए। उनके पास तो सारी एजेंसियां हैं। ये आरोप लगा सकते हैं, जो डबल इंजन की सरकार बताते हैं। केंद्र की एजेंसियां उनके कब्जे में हैं। जो तांडव नृत्य मचा रखा है, वह सबके सामने है। चंडीगढ़ में मेयर के चुनाव में क्या किया, सबके सामने है। लालू प्रसाद यादव और उनके बेटे को ईडी बुला रही है। झारखंड में सीएम को बुला रहे हैं। हमारे यहां भी ईडी वाले चाय-नाश्ता करके गए थे। जनता इन्हें जान चुकी है। डोटासरा ने कहा कहा कि बीजेपी के मंत्रियों के पास करने को कुछ नहीं है। ये तो जुगाड़ करके काम चला रहे हैं। आज किसी को भी पावरफुल माना जाए तो वह हमारा मुख्य सचिव है। मुख्य सचिव छापे मारता है, दफ्तरों में जाता है। इससे पावरफुल मुझे तो कोई नजर नहीं आता।

### विशेषाधिकार हनन का लाएंगे प्रस्ताव

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि ईआरसीपी पर मंगलवार को मुख्यमंत्री सदन में कह रहे थे कि 3510 एमसीएम पानी मिला है, जबकि एमओयू के हिसाब से 2400 एमसीएम पानी मिलेगा। यह सदन के विशेषाधिकार हनन का मामला है। हम लोग सीएम के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का मामला पेश करेंगे। सीएम ने सदन को गलत जानकारी देकर गुमराह किया है। पीकेसी में ये सिंचाई के लिए पानी दे नहीं सकते, ये जो पीकेसी का फंडा लेकर आए हैं, वह इज्जत बचाने के लिए लेकर आए हैं। इन्हें वसुंधरा राजे की योजना से चिढ़ थी। उस योजना को हमारी सरकार ने आगे बढ़ाया।

### जनहित की बात नहीं, सिर्फ आरोप लगाए

डोटासरा ने कहा कि विधानसभा में मुख्यमंत्री सवा दो घंटे बोले, लेकिन उसमें जनता के काम की एक बात नहीं थी। मुख्यमंत्री का भाषण इतना नीरस था कि हमें हाथ जोड़कर कहना पड़ा कि महाराज अब तो हमारा पीछा छोड़िए। हमने मान लिया आप भाषण अच्छा देते हो। मुख्यमंत्री इतने लंबे भाषण में एक बार भी जनता के लिए नहीं बोले। केवल वही बातें कही, जो ये 5 साल तक हमारी सरकार के खिलाफ बोलते थे। अब तो विधानसभा चुनाव हो गए। जनता ने बहुमत दे दिया। अब तो काम की बात कीजिए और काम करके दिखाइए।

### विस में सीएम ने दिया था ये बयान

सीएम भजनलाल शर्मा ने राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस का विधानसभा में जवाब देते हुए नाम लिए बिना डोटासरा पर तंज कसा था। सीएम भजनलाल ने कहा था कि कई सदस्य तो ऐसे हैं, जिन्होंने खुद ने तो कुछ काम नहीं किया। वो अपने पिता और पूर्वजों की खा रहे हैं, लेकिन बात बड़ी-बड़ी करते हैं। इसलिए एक ही परिवार के 3-3, 4-4 सदस्य आरएएस सिलेक्ट हो रहे थे। वो कौन-सी चक्की का आटा खाते थे, कहां का पानी पीते थे। यही नहीं, आगे सुनिए, नंबर भी सबके बराबर आ रहे हैं। लेकिन, वो तो वही करेगा, जो उसे कहा गया है।

## 4 फरवरी को होगा सम्मान समारोह

# विधानसभा में जीतकर आए SC-ST के 69 MLA आएंगे एक मंच पर



बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में पहली बार एससी-एसटी वर्ग के 69 विधायक चुनकर आए हैं। इसमें एससी के 35 व एसटी के 34 विधायक शामिल हैं। सामान्य सीट से एससी का एक विधायक और एसटी के 9 विधायक जीत कर आए हैं। ये सभी विधायक आगामी 4 फरवरी को एक मंच पर नजर आएंगे। डॉ. अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी और अनुसूचित जनजाति संयुक्त संस्थान की ओर से 4 फरवरी को विधायकों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

बुधवार को संस्था की ओर से आयोजन का पोस्टर विमोचन किया गया। सोसायटी के महासचिव जीएल वर्मा ने बताया कि प्रदेश में एससी-एसटी वर्ग के नवनिर्वाचित मंत्री एवं विधायकों का सम्मान समारोह 4 फरवरी को सुबह 10 बजे सोसायटी प्रागंण झालाना डूंगरी में आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान से पहली बार किसी को केंद्रीय कानून मंत्री बनाया गया है जो कि सोसायटी के पूर्व महासचिव अर्जुन मेघवाल हैं। वहीं प्रदेश में भाजपा की ओर से पहली बार अनुसूचित जाति के डॉ. प्रेम चंद बैरवा को उप मुख्यमंत्री बनाया गया है। कांग्रेस की ओर से पहली बार अनुसूचित जाति के टीकाराम जूली को नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है। भाजपा ने पहली बार अनुसूचित जाति के जोगेश्वर गर्ग को मुख्य सचेतक बनाया है। यह सब राजस्थान में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की एक तिहाई आबादी को विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा दिए गए महत्व को भी प्रदर्शित करता है। समारोह में मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, मदनलाल दिलावर, बाबूलाल खराड़ी, हेमन्त मीणा एवं डॉ. मंजू बाघमार एवं अन्य विधायकों का भी सम्मान किया जाएगा। प्रेस वार्ता में वरिष्ठ उपाध्यक्ष बी.एल. बैरवा, महासचिव, जी.एल वर्मा, उपाध्यक्ष डॉ. शशि इन्दुलिया, संगठन सचिव महेश धावनिया, भागचंद मीणा, जी. एस. सोमावत भी मौजूद रहे।

## राज्यपाल के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना



*जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र के मंगलवार को घुटने के ऑपरेशन के बाद नेताओं का उनसे मिलने का सिलसिला जारी है। बुधवार को राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सी.के. बिरला अस्पताल पहुंचकर राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात की। सीएम भजनलाल शर्मा ने भी राज्यपाल के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। इसके अलावा उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने भी राज्यपाल से मुलाकात कर कुशलक्षेम पूछी और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।*

## परिवहन विभाग की ACS श्रेया ने औचक निरीक्षण में दिए निर्देश

# राजस्व लक्ष्यों को पाने के हों कड़े प्रयास

बेधड़क | जयपुर



परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की एसीएस श्रेया गुहा इन दिनों फील्ड में एक्टिव है। एसीएस की ओर से लगातार बैठकों व दौरों का क्रम जारी है। इसी कड़ी में बुधवार को एसीएस गुहा ने विभागीय बैठक ली है। इसमें उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी आवंटित राजस्व लक्ष्यों की शत प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करें।

आवंटित कार्यों को गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करने साथ कार्यालय परिसर में साफ-सफाई का ध्यान रखा जाए। उन्होंने केपीआई के अन्तर्गत निर्धारित कार्यों का प्रभावी पर्यवेक्षण करने, एमओआरटीएच द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना में त्वरित कार्रवाई करने, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा प्रदत्त आदेशों की पालना एवं राज्य में चल रही रेलवे परियोजनाओं के निष्पादन के लिए समन्वय करते हुए आवश्यक समाधान करने निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय निरीक्षकों, डीटीओ एवं आटीओ द्वारा किए जा रहे प्रवर्तन कार्य को सूचना प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करते हुए और अधिक प्रभावी करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर आयुक्त मनीषा अरोडा, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक नथमल डिडेल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही एसीएस श्रेया गुहा बुधवार को टोंक दौरे पर रही।

उन्होंने जयपुर हाईवे पर बरौनी में बरथल तिराहा पर उड़न दस्ते की चेकपोस्ट का जायजा लिया एवं उड़नदस्ते के साथ ओवरलोडिंग वाली जीपों और ट्रैक्टरों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने वाहन चालकों को सुरक्षा की दृष्टि से भविष्य में ओवरलोडिंग नहीं करने की सलाह दी।

## पीएम मोदी करेंगे योजना का शिलान्यास

# ईआरसीपी के जरिए 9 लोकसभा सीटों को साधने की जुगत में भाजपा

बेधड़क | जयपुर



ईआरसीपी पर मास्टर स्ट्रोक खेलने के बाद प्रदेश की भजनलाल सरकार लोकसभा चुनावों में इससे जनता को साधने में जुट गई है। बीजेपी ईआरसीपी के मुद्दे को भुनाने की तैयारी में लग गई है।

भाजपा की ओर से ईआरसीपी-पीकेसी योजना के शिलान्यास कार्यक्रम में पीएम मोदी को बुलाने की योजना तैयारी की जा रही है ताकि पीएम के चेहरें से प्रदेश और एमपी की सीटों पर पकड़ बना सके। इसके लिए राजस्थान और मध्यप्रदेश का साझा शिलान्यास कार्यक्रम तैयार करने के साथ ही जगह चिह्नित करने का काम किया जा रहा है। शिलान्यास कार्यक्रम में पीएम मोदी एक बड़ी जनसभा को संबोधित कर सकते हैं, जिसमें राजस्थान और मध्यप्रदेश के लोग मौजूद रहेंगे। इससे बीजेपी को लोकसभा चुनाव के दौरान राजस्थान व मध्यप्रदेश में फायदा मिलेगा। गौरतलब है कि 28 जनवरी को दिल्ली में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की मौजूदगी में दोनों राज्यों के बीच एमओयू साइन हुआ था। वहीं कैबिनेट मंत्री व पूर्वी राजस्थान के दिग्गज नेता किरोड़ीलाल मीणा का कहना है कि मैंने सीएम भजनलाल शर्मा से कहा है कि योजना के शिलान्यास कार्यक्रम में पीएम मोदी को बुलाया जाए। वहीं एक बड़ी जनसभा आयोजित की जाए।

### इन सीटों पर फायदा उठाने की हो रही कवायद

राजस्थान में ईआरसीपी-पीकेसी परियोजना से 13 जिलों को पेयजल और सिंचाई का पानी मिलेगा। इन 13 जिलों में झालावाड़, बारां, कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, करौली, धौलपुर, भरतपुर, दौसा, अलवर, जयपुर, अजमेर और टोंक शामिल हैं। इन 13 जिलों में 9 लोकसभा सीटें आती हैं। बीजेपी इस परियोजोना को लागू करने का श्रेय लेकर जयपुर ग्रामीण, दौसा, अलवर, भरतपुर, टोंक-सवाईमाधोपुर, अजमेर, बारां-झालावाड़, कोटा-बूंदी, धौलपुर-करौली लोकसभा सीटों को साधना चाहती है।

### सत्ता-संगठन का दिखेगा मेलजोल

ईआरपीसी-पीकेसी परियोजना को लेकर सरकार तो अपने स्तर पर इसका श्रेय लेने का प्रयास करेगी ही, बीजेपी का प्रदेश संगठन भी इसे लेकर सक्रिय रहेगा। संगठन स्तर पर आगामी दिनों में इसे लेकर कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इसके अनुसार बीजेपी कार्यकर्ता इन तीनों जिलों में पार्टी के पक्ष में माहौल बनाएंगे, जिससे लोकसभा चुनावों में इन सीटों पर बीजेपी की एकतरफा जीत सुनिश्चित हो सके।

### राजस्थान व एमपी के बीच हुआ था एमओयू

ईआरसीपी-पीकेसी परियोजना के लिए रविवार को दिल्ली में राजस्थान व मध्यप्रदेश के बीच एमओयू साइन हुआ था। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की उपस्थिति में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने एमओयू की शर्तों पर सहमति व्यक्त की थी। इस समझौते के बाद चंबल, पार्वती और कालीसिंध नदी को जोड़कर बड़ी आबादी तक पानी पहुंचाने का सपना साकार होगा। राजस्थान और मध्य प्रदेश के कुल 26 जिलों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

## जरूरी खबर

### सराफ ने किया सीसीटीवी कैमरों का लोकार्पण



**जयपुर।** मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने विधायक कोष से प्रदत्त राशि से वार्ड 145 चित्रगुप्त नगर प्रथम में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों का लोकार्पण किया। पार्षद नरेश शर्मा ने बताया कि आए दिन असामाजिक तत्वों के द्वारा गाड़ियों के शीशे तोड़े जाते हैं, कैमरे लग जाने से ऐसे अपराधों पर अंकुश लगेगा। नटवर कुमावत ने बताया कि मालवीयनगर विधानसभा क्षेत्र में अब तक 22 कॉलोनियों में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जा चुके हैं। स्थानीय लोगों एवं विकास समिति के पदाधिकारियों ने सराफ का स्वागत किया। इस अवसर पर विकास समिति अध्यक्ष विनोद सैनी, महामंत्री देवेश भारद्वाज, उपाध्यक्ष राजेश कुमावत, कोषाध्यक्ष अशोक सैनी, सीताराम अग्रवाल गोयल एवं स्थानीय लोग मौजूद थे।

### शिविर में जारी होंगे डिजिटल दिव्यांगता प्रमाण

**जयपुर।** दिव्यांगजनों को डिजिटल दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड जारी कर लोक कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए जयपुर शहर में गुरुवार से यूडीआईडी दिव्यांगजन पंजीकरण शिविर लगाए जाएंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक बीपी चंदेल ने बताया कि 1 फरवरी को रामगंज स्थित राजकीय सैटेलाइट अस्पताल में, 2 फरवरी को एसएमएस अस्पताल (पीएमआर कंट्रोलर विभाग) में, 5 फरवरी को किशनपोल स्थित सैटेलाइट अस्पताल में, 6 फरवरी को सेठी कॉलोनी स्थित राजकीय चिकित्सालय में 8 फरवरी को शास्त्रीनगर स्थित कांवटिया अस्पताल में, 9 फरवरी को गंगापोल स्थित राजकीय चिकित्सालय परिसर में यूडीआईडी दिव्यांगजन पंजीकरण शिविर का आयोजन होगा।


**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार

आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...

अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं

news@sachbedhadak.com पर E- Mail करें।


**पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से बन रही बारिश की संभावना, अलवर में बारिश के साथ ओले गिरे**

# राजधानी में सुबह मौसम साफ, दोपहर बाद हल्की बूंदाबांदी

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी जयपुर में बुधवार को सुबह मौसम साफ रहा और हल्की धूप रही। दोपहर बाद कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी का दौर चला। वहीं, बीते दिन का अधिकतम तापमान 25.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

अलवर के एरिए में सुबह हल्का कोहरा रहा। धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर में आसमान में हल्के बादल रहे। इधर देर शाम 6 बजे बाद अचानक अलवर और सीकर में भी मौसम पलटा मार गया। प्रदेश में 20 दिन के बाद बारिश का दौर शुरू हुआ है। बुधवार सुबह बीकानेर, हनुमानगढ़, चूरू, श्रीगंगानगर, सीकर और झुंझुनूं के कई इलाकों में मेघ गर्जना के साथ हल्की रिमझिम बारिश हुई। अलवर में बारिश के साथ ओले गिरे। जबकि सीकर में हल्की बारिश के बाद सर्दी का असर भी बढ़ गया है।

अलवर में तेज बारिश से सड़कों पर पानी भर गया। दोनों जगह करीब 15 से 20 मिनट तक बारिश का दौर चला। वहीं बारिश ने उन किसानों के लिए चिंता बढ़ा दी है, जिसने खेतों में अब सरसों की फसलें पक कर तैयार हो गई या कटाई शुरू हो गई है। हालांकि गेहूं, चना और जौ की फसल करने वाले किसानों के लिए ये बारिश अच्छी है। मौसम केन्द्र जयपुर और स्थानीय रिपोर्ट्स के मुताबिक बीकानेर के लूणकरणसर में देर रात आसमान में बादल छाने के बाद बुधवार तड़के बारिश हुई।

हनुमानगढ़ के भादरा, चूरू के सिद्धमुख के एरिया में सुबह बारिश होने के बाद हल्का कोहरा रहा। सीकर के फतेहपुर में बादल-बारिश के कारण न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ।



### कहां, कितनी हुई बरसात

मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पिछले 24 घंटो में बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू व झुंझुनूं जिलों में कहीं-कहीं हल्की बारिश दर्ज की गई है। सर्वाधिक बारिश हनुमानगढ़ में 5 मिमी दर्ज हुई है। 1 फरवरी को भी राज्य के उत्तरी भागों में हल्की बारिश होने की संभावना है। शेष भागों में मौसम साफ रहेगा। 3-4 फरवरी को एक और नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से जोधपुर, बीकानेर, जयपुर, भरतपुर संभाग के कुछ भागों में बारिश होने की प्रबल संभावना है।

### राजधानी में धुंध छाए रहने की संभावना

मौसम विभाग ने पश्चिम विक्षोभ के सक्रिय होने के चलते जयपुर व भरतपुर संभाग के जिलों में गुरुवार को मेघगर्जन और हल्की बारिश होने की चेतावनी जारी की है। वहीं राजधानी में गुरुवार को कोहरा या धुंध छाए रहने की संभावना जताई है। न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस रहेगा है। साथ ही शुक्रवार को भी राजधानी में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है।

**मंत्रियों ने किया सिंधी कैंप, स्कूलों और पशु निदेशालय का दौरा**

# एक्शन मोड में सरकार, फील्ड में उतरे मंत्रियों ने देखे हालात

*बेधड़क.जयपुर। राजस्थान के मंत्री बुधवार को एक्शन मोड में नजर आए। उपमुख्यमंत्री व परिवहन मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने राजधानी में सिंधी कैंप बस स्टेंड का औचक निरीक्षण कर वहां के हालात जाने तो शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने सांगानेर, चाकसू और शिवदासपुरा क्षेत्रों में सरकारी विद्यालयों का निरीक्षण किया। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने पशुपालन निदेशालय का दौरा कर वहां के हालातों का जायजा लिया। इन स्थानों पर मिली अव्यवस्थाओं पर मंत्रियों ने अधिकारियों की खिंचाई की और व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए।*




### खाली पदों को भरने की जरूरत

पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत बुधवार को लाल कोठी स्थित पशुपालन निदेशालय में निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को विभाग से जुड़े कामों पर फर्स्ट एक्शन प्लान बनाने की बात कही। कुमावत ने इस दौरान कहा कि मंत्रालय संभालने के बाद पहली बार विभाग का निरीक्षण किया है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को सभी जिलों में पशु मेले आयोजित करने के निर्देश दिए हैं जिससे पशुपालकों को लाभ मिल पाए। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पशुधन सहायक के खाली पदों को भरने की जरूरत है। उन्होंने कर्मचारियों को किसी भी बीमारी से निटपने का एक्शन प्लान बनाकर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि युवा अगर पशुपालन से जुड़ते हैं तो उन्हें सरकार की ओर से भी सहायता की जाएगी। ERCP के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट से भविष्य में 13 जिलों को पानी मिलेगा।



### बदहाल सफाई, बिना यूनिफॉर्म मिले कर्मचारी

उपमुख्यमंत्री व परिवहन मंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा अचानक सिन्धी कैम्प बस स्टैण्ड पहुंचे तो वहां अव्यवस्थाओं का अंबार मिला। निगम वाहनों के निरीक्षण के दौरान चालक-परिचालक निर्धारित गणवेश में नहीं मिले। वाहनों से फर्स्ट एड किट नदारद थी वहीं बसों में गंदगी की भी भरमार थी। उन्होंने यात्रियों से बस स्टेंड और बसों की सेवाओं के संबंध में पूछताछ की तो कई कमियां सामने आईं। उन्होंने यात्रियों से सुझाव मांगे और अिधकारियों को इन पर अमल करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बस स्टैण्ड पर संचालित कैन्टीन में गंदगी पसरी थी। यहां तक कि कैंटीन के पास फूड लाइसेंस तक नहीं था। यहां काम कर रहा सफाई कर्मचारी नाबालिग था। बैरवा ने आरएसआरटीसी प्रबंधक नथमल डिडेल से इस मामले में विस्तृत रिपोर्ट दो दिन में उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रबंधक सहित निगम के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

### 'गुड मॉर्निंग' का जवाब 'जय सियाराम'

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने निरीक्षण की शुरूआत सांगानेर पंचायत के सरकारी स्कूल से की। यहां उन्होंने हाजिरी रजिस्टर चेक किया और प्रिंसिपल से स्कूल में मौजूद स्टाफ की जानकारी मांगी। जब प्रिंसिपल ने शिक्षा मंत्री को टीचर्स की जानकारी दी तो उन्होंने स्कूल में मौजूद नहीं रहने वाले टीचर्स से नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगने की बात कही। क्लासरू में स्टूडेंट्स से मुखातिब शिक्षामंत्री ने स्टूडेंट्स की गुड मॉर्निंग का जवाब जय सियाराम बोलकर दिया। उन्होंने बच्चों से गणित के कुछ सवाल भी पूछे और सही जवाब ना दे पाने वाले छात्रों को पढ़ाई पर ध्यान देने की नसीहत दी। उन्होंने ड्यूटी पर मौजूद शिक्षकों की भी जानकारी ली। कहा कि, सभी शिक्षक शाला दर्पण पोर्टल पर अवकाश आवेदन कर ही छुट्टी ना लें, बल्कि संस्था प्रधान की ऑनलाइन स्वीकृति के बाद छुट्टी को स्वीकृत मानें। दिलावर ने कलक्टर, एसडीएम या सीईओ कार्यालयों में प्रतिनियुक्ति पर लगे शिक्षकों को कार्य मुक्त कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने शौचालयों की साफ सफाई को देखा और सुधार के निर्देश दिए।



**बच्चों के साथ खाया 'मिड-डे-मील':** शिक्षा मंत्री ने महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, शिवदासपुरा में मिड-डे-मील के तहत बच्चों के बीच बैठकर भोजन किया और वहां परोसी गई आलू-छोले की सब्जी और चपाती की गुणवत्ता को परखा। कक्षा में जाकर बच्चों से सवाल पूछे। उन्होंने राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, चंदलाई और महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल चंदलाई में बच्चों के नामांकन की न्यून संख्या होने पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों को इन विद्यालयों के पुनर्गठन के सम्बंध में कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

**प्रिंसिपल नहीं बता पाए छात्रों की संख्या:** शिक्षा मंत्री चाकसू विधानसभा क्षेत्र में राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल निमोड़िया में भी निरीक्षण करने पहुंचे। यहां उन्होंने प्रिंसिपल से अलग-अलग क्लास में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स की संख्या पूछी तो प्रिंसिपल संख्या नहीं बता पाए। इस उन्होंने प्रिंसिपल की खिंचाई करते हुए उन्हें अपडेट रहने की नसीहत दी। यहां बच्चे खुले में पढ़ते हुए मिले। यहां क्लास रूम निरीक्षण के दौरान शिक्षा मंत्री ने बच्चों को पढ़ा रही टीचर से 'सौंदर्य' व 'ब्रह्मचारिणी' शब्द लिखवाए जो टीचर ने अशुद्ध लिखे। हालांकि शिक्षामंत्री ने इसको हंस कर टाल दिया। उन्होंने बच्चों से संस्कृत के श्लोकों के अर्थ पूछकर उनकी पढ़ाई के स्तर को जाना। शिक्षा मंत्री ने स्कूल के बदहाल टॉयलेट्स और क्लास रूम देख नाराजगी जाहिर की। शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द इसे दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए।

**एआरडी ने किया निरीक्षण**

# कांवटिया हॉस्पिटल आरटीओ, निगम में देखे हाजिरी रजिस्टर



**बेधड़क** | जयपुर

प्रशासनिक सुधार विभाग (एआरडी) की टीम ने जयपुर शहर में अलग-अलग सरकारी दफ्तरों का औचक निरीक्षण करके कर्मचारियों-अधिकारियों की उपस्थिति देखी। एआरडी की अलग-अलग टीमों ने बुधवार को नगर निगम हेरिटेज के सिविल लाइंस जोन ऑफिस के साथ कांवटिया हॉस्पिटल, विद्याधर नगर स्थित आरटीओ, जलदाय विभाग के ऑफिस समेत अन्य दफ्तरों का निरीक्षण किया। सबसे पहले टीम शास्त्री नगर स्थित कावंटिया हॉस्पिटल पहुंची, जहां टीम को लगभग पूरा स्टाफ मौके पर उपस्थित मिला। संतुष्ट होने पर टीम वहां से निकली और करीब सुबह 10:15 बजे नगर निगम हेरिटेज के सिविल लाइंस जोन पहुंची। यहां उन्होंने उपायुक्त के चैंबर में जाकर कर्मचारियों के हाजिरी रजिस्टर को देखा। हालांकि इस दौरान खुद उपायुक्त करतार सिंह मौके पर नहीं थे। उनके पास नगर निगम हेरिटेज में अतिरिक्त आयुक्त कार्मिक का चार्ज है। टीम करीब 11 बजे आरटीओ विद्याधर नगर स्थित दफ्तर पहुंची। यहां भी कुछ लोग जो लाइसेंस अन्य काम के लिए लाइन में लगे थे उनसे फीडबैक लिया।

**जयपुर न्यूट्री फेस्ट का उद्घाटन**

# ऑर्गेनिक और पारंपरिक खाद्य अपनाने पर जोर



**बेधड़क** | जयपुर

जवाहर कला केंद्र के शिल्पग्राम में बुधवार को 6 दिवसीय 'जयपुर न्यूट्री फेस्ट' की शुरुआत हुई।

शहरी विकास और स्वशासन विभाग राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने रिबन काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि पारंपरिक खाद्य पदार्थों को शामिल करने और प्राकृतिक खेती पर जोर दिया। बाद में उन्होंने स्टॉल्स का निरीक्षण भी किया। उद्घाटन समारोह में आरयू की वीसी प्रो. अल्पना कटेजा प्रीति पारीक, भावना राऊत, श्रवण सिंह बागड़ी, मधुकर रोत, डॉ. अतुल गुप्ता, आईएसएलएस के प्रेसिडेंट प्रो. अशोक कुमार, प्रो. अल्पना कटेजा, डायेक्टर के ग्रुप अमुल कटारिया और प्रो. सुमिता कच्छावा सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

**कांग्रेस ने घोषित की जयपुर शहर की जिला कार्यकारिणी**

# प्रतापसिंह खाचरियावास के समर्थकों को नहीं मिली जगह

**बेधड़क** | जयपुर

कांग्रेस की जयपुर शहर जिला कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। इसमें 71 नेताओं को पद दिए गए हैं। प्रदेश कांग्रेस के संगठन महासचिव ललित तूनवाल ने कार्यकारिणी के गठन के आदेश जारी कर दिए हैं।

जिला कार्यकारिणी में 15 उपाध्यक्ष, 20 महासचिव, 30 सचिव, एक कोषाध्यक्ष, एक संगठन महासचिव, दो प्रवक्ता और दो सोशल मीडिया प्रभारी बनाए गए हैं।

सीताराम शर्मा नेहरू को संगठन महासचिव और अरविंद गर्ग को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। गौरतलब है कि आरआर तिवारी के जिलाध्यक्ष बनने के सात महीने बाद कार्यकारिणी बनी है। तिवारी को जुलाई 2023 में जिलाध्यक्ष बनाया गया था। नई कार्यकारिणी में पूर्व जिलाध्यक्ष और पूर्व मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास समर्थकों को जगह नहीं दी गई है।




### 15 उपाध्यक्ष

मोहम्मद सलीम, देवाराम राजोरिया, रामेश्वर प्रसाद शर्मा, गुलाम नबी, मदन सोलंकी, रामफूल मीणा, विजयपाल सिंह जादौन, गुलाम निजामुद्दीन,राजेश कुमार जोजोरिया,जगदीश शर्मा, हाजी उस्मान खान, पीडी शर्मा, शिवराज सिंह शेखावत, युगल किशोर शर्मा बबलेश, शेख महबूब अली।

### दो सोशल मीडिया प्रभारी

जिला कार्यकारिणी में सोशल मीडिया प्रभारी का पद शामिल किया गया है। दो सोशल मीडिया प्रभारी बनाए हैं। सचिन चतुर्वेदी और मोहम्मद सद्दाम हुसैन को सोशल मीडिया प्रभारी बनाया है। रतन सिंह भाटी और शत्रुघ्न शर्मा को प्रवक्ता बनाया गया है।

### 20 महासचिव

सुनील आमेरिया, अमित तिवारी, राधा कृष्ण जांगिड़, आशा सिंघानिया, अतुल पारस, मास्टर रियाजुद्दी,न विनय प्रताप भोपर, दिनेश व्यास, स्नेहलता भारद्वाज, रमेश कुमावत, राकेश कुमार जैन, बंशीधर शर्मा, मोहम्मद रफीक बाबा, विक्रम सिंह पंवार, हिना खान, शैलेश भार्गव, श्याम बिहारी गर्ग, हरीश लोगानी, साहिल खान, इमरान खान।

### 30 सचिव

सुनील जैदिया, सिराजुद्दीन खान, छगन करोल, रामफूल मीणा, शीला तिवारी, मुकेश कुमार शर्मा, लेखराज सैनी, मोहम्मद फहीमुद्दीन कुरैशी, इरशाद कुरैशी उर्फ टिल्लू, नरेश पंचोली, शाकिर मंसूरी, नितिन कुमार, मोहम्मद मंसूर आलम मन्नत, रोशन लाल शर्मा, मोतीलाल सैनी, राम प्रसाद गुर्जर, शंकर लाल मीणा, राजेंद्र मीणा, लाड कंवर राव, नीलम गौड़, आरिफा, ज्योति सिंह, सुभाष शर्मा जांगिड़, लोकेश कुमार सैनी, दीपक हर्ष, शबाना बीवी, रमेश राजा, हनीफ मोहम्मद पारा, दीपक धीर, दिनेश जांगिड़।

### दिल्ली नहीं उतर पा रही फ्लाइट पहुंच रही जयपुर




**जयपुर।** मौसम खराब होने के कारण दिल्ली एयरपोर्ट पर विमान लैंड नहीं हो पाने के कारण जयपुर पहुंच रहे हैं। वहां कम विजिबिलिटी के चलते विमान लैंड नहीं होने के कारण जयपुर डायवर्ट करना पड़ रहा है। बुधवार को भी कई फ्लाइट्स डायवर्ट होकर पहुंची। डायवर्ट फ्लाइट में सिलीगुड़ी से दिल्ली एल एशिया की फ्लाइट I5 766 और पटना से दिल्ली इंडिगो की फ्लाइट 6E 2185 और हांगकांग से दिल्ली इंडिगो की फ्लाइट जयपुर पहुंची है।

## जरूरी खबर

### रिश्वतखोर नर्सिंग ऑफिसर को 12 तक भेजा जेल



**कोटा।** एसीबी टीम की ओर से एमबीएस हॉस्पिटल में रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किए गए नर्सिंग ऑफिसर मंजूर अली को बुधवार को एसीबी कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 12 फरवरी तक न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने के आदेश दिए गए। आरोपी के विज्ञान नगर स्थित घर की तलाशी में 1 लाख 4 हजार 930 रुपए की नकदी, 17.5 तोला सोना व 1 किलो चांदी के जेवर मिले हैं। अरोपी व उसके परिवार के सदस्यों के कुल 7 बैंक अकाउंट हैं, जिनकी जांच की जा रही है।

### सेफ्टी टैंक बनाते समय मिट्टी में दबे दो मजदूरों की मौत

**खैरथल।** भिवाड़ी के कहरानी औद्योगिक क्षेत्र में संचालित निजी कंपनी में सेफ्टी टैंक बनाते समय मिट्टी में दबने से एक महिला मजदूर सहित दो लोगों की मौत हो गई। हादसे के वक्त दोनों करीब 10 फीट गहरे गड्ढे में सेफ्टी टैंक का काम करने के लिए उतरे थे। अचानक मिट्टी धंसने के कारण दोनों मजदूर मिट्टी के अंदर दब गए। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकाला और जिला अस्पताल पहुंचाया। जांच के बाद डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार मृतक रामकिशन के दो छोटे बच्चे हैं। वहीं, मृतका वंदना करीब 5 महीने की गर्भवती थी।

### वॉलीबॉल में रजत पदक जीतने वाली बेटियों का सम्मान



**सादुलपुर।** चैन्नई में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स की वॉलीबॉल स्पर्धा में राजस्थान टीम ने सिल्वर मेडल जीता। विजयी होकर लौटी बेटियों का साफा पहनाकर अभिनन्दन किया गया। जिला वॉलीबाल संघ चूरू के पदाधिकारी नरेश सांगवान ने बताया कि राजस्थान टीम में शामिल तारानगर तहसील के गांव मोरथल की बेटी बबिता कारेल, तारानगर के गांव जिगसाना की बेटी आईना सहारण, गांव बैजुवा की बेटी आरजू पूनियां एवं गांव कानावासी की बेटी स्नेहा सरावग का अहम योगदान रहा। गौरतलब है कि आरजू पूनियां, स्नेहा सरावग व बबिता कारेल चंदगीराम कॉलेज बैरासर छोटा की छात्राएं हैं और आइना सहारण राजकीय स्कूल में अध्ययनरत है।

---

**टोंक:** जिले भर से आए किसानों ने डाक बंगले से कलेक्ट्रेट तक निकाला पैदल मार्च, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# स्वामीनाथन की रिपोर्ट लागू करने की मांग को लेकर प्रदर्शन

**बेधड़क** | टोंक

केंद्र सरकार की ओर से किसानों के हित को देखते हुए स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू करने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ती जा रही है। इसको लेकर बुधवार को जिलेभर के किसानों ने पैदल मार्च निकाला।

दोपहर में किसान जिला डाक बंगले पर एकत्रित हुए। यहां से पैदल मार्च निकालते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम कलेक्टर डॉ. सौम्या झा को ज्ञापन सौंपा। किसान महापंचायत के



प्रदेश मंत्री रतन लाल खोखर के नेतृत्व में किसानों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान खोखर ने बताया कि पैदल मार्च से पूर्व डाक बंगला में किसानों की बैठक आयोजित की गई। इसमें वक्ताओं ने किसानों के हित और उनके कल्याण को लेकर अपने विचार प्रकट किए। साथ ही पीएम मोदी को स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने के उनके वादे को याद दिलाने पर चर्चा हुई। इसके बाद पैदल चलकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रदर्शन कर कलेक्टर को पीएम के नाम ज्ञापन सौंपा।

### 2014 में किया था आयोग की रिपोर्ट लागू करने का वादा

किसान नेताओं ने कहा कि पीएम मोदी ने 2014 में कहा था- 'किसान भाइयों, भाजपा को वोट और समर्थन देकर हमारी सरकार बनाओं। मैं पहली ही कलम से, पहली ही मीटिंग में स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करूंगा।' उन्होंने कहा कि देश के किसानों ने तो अपना सबसे बड़ा कीमती वोट व समर्थन देकर अपना वादा निभा दिया, लेकिन पीएम मोदी ने आज तक भी वादा पूरा नहीं किया। इसके बाद 2020 में पीएम मोदी ने कहा था एमएसपी थी, एमएसपी है और एमएसपी रहेगी, लेकिन आज तक भी राजस्थान में बाजरे की न्यूनतम समर्थन मूल्य खरीद नहीं हुई। इससे किसानों में भारी आक्रोश है। एमएसपी, न्यूनतम समर्थन मूल्य सिर्फ कागजों में ही है।

### सरसों खरीद का दायरा बढ़ाया जाए

किसानों ने कहा कि प्रदेश में एमएसपी पर प्रत्येक किसान से सरसों की खरीद 25 क्विंटल से बढ़ाकर 40 क्विंटल की जानी चाहिए। आज किसानों को उनकी उपज का भाव नहीं मिल रहा है, जिससे किसान कर्जदार होता जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा था 2022 में किसानों की आय दोगुनी करूंगा, लेकिन अब तक भी किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई है। मोदी ने कहा था कि किसानों के अच्छे दिन लाऊंगा, अच्छे दिन तो बहुत दूर किसान कर्जदार और हो गए। ऐसे में किसानों ने मांगे पूरी करने की मांग की है।

### किसान इस दर्द को नहीं भूलेंगे

प्रदर्शन के दौरान किसानों ने चेतावनी देते हुए कहा कि किसानों से किए हुए वादे पूरे नहीं किए तो लोकसभा के चुनाव में किसान इस दर्द को नहीं भूलेंगे। लोकसभा चुनाव में सरकार को सबक सिखाया जाएगा। इस दौरान किसान नेता रतन खोखर के आलावा देवा खरेठा, मधुसूदन, लाला प्रजापति, रमेश चौधरी, बंसी खाती, शंकर भदाला, सीताराम, गोपी जाट, रमेश चंद्र शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

---

**यूडीएच मंत्री ने सोलर रूफ टॉप प्रोजेक्ट के** शुभारंभ पर कहा...

# सोलर से बिजली उत्पादन देश को विकसित बनाने में मददगार

**बेधड़क** | सीकर

ऊर्जा के क्षेत्र में विकास के लिए सोलर से बिजली उत्पादन एक श्रेष्ठ तरीका है। एक समय था जब राज-महाराजाओं के महलों में ही बिजली हुआ करती थी। आज बिजली गांव और ढाणी तक पहुंच चुकी है। अब धूप और हवा से बिजली बन रही है। आगामी समय में धूप और हवा से बनने वाली बिजली काफी महत्वपूर्ण होगी। ये बात बुधवार को सीकर में बिजली विभाग के सोलर रूफटॉप प्रोजेक्ट के शुभारंभ अवसर पर यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कही।

बिजली विभाग के एसई कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री खर्रा ने कहा कि सोलर सिस्टम से बिजली उत्पादन बढ़ाकर हम देश को तेजी से विकास के रास्ते पर ले जा सकेंगे। कार्यक्रम में एवीवीएनएल एमडी एनएस निर्वाण, धोद विधायक गोवर्धन वर्मा, पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान यूडीएच मंत्री ने कहा कि सूर्य से बनने वाली बिजली काफी सस्ती पड़ती है। बिजली का बिल शून्य भी हो सकता है। वहीं सोलर



### केंद्र और राज्य के बजट में मिलेगी सौगात

मंत्री झाबर सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार के अंतरिम बजट में हमारे क्षेत्र को भी कोई न कोई सौगात निश्चित रूप से मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस बार लोकसभा के चुनाव होने के बाद जब दोबारा मोदी की सरकार बनेगी और उसके बाद जो बजट आएंगे उनमें भी कई सौगात मिलेगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार के बजट में भी क्षेत्र को कुछ न कुछ मिलेगा। सीकर को नगर निगम या विकास प्राधिकरण बनाने की बात पर मंत्री ने कहा कि यह नीतिगत और मापदंडों के आधार पर होने वाले निर्णय हैं। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में ड्रेस कोड की बात पर उन्होंने कहा कि इसके बारे में अनावश्यक बहस करने से कोई मतलब नहीं है। उनको तो सूर्य नमस्कार से भी आपत्ति है।

प्लांट से पर्यावरण को भी कोई नुकसान नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि जितनी राशि 75 वर्षों में सरकारी योजनाओं में खर्च हुई, उसका आउटपुट क्या निकला जब इस बारे में सोचते हैं तो निराशा होती है। जिस दिन हिंदुस्तान का आम नागरिक योजनाओं के साथ पॉजिटिव तरीके से आगे बढ़ेगा तो यह योजनाएं शिखर चूमेंगी। उन्होंने कहा कि जब 2047 में भारत की आजादी के 100 साल पूरे हो तो भारत सबसे विकसित राष्ट्र बने यही स्वतंत्रता सेनानियों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। यदि सब साथ मिलकर प्रयास करें तो 10 से 12 साल में ही यह संभव हो सकता है।

### कुंभाराम लिफ्ट योजना की राशि स्वीकृत

शेखावाटी में पेयजल समस्या को लेकर खर्रा ने कहा कि इसके लिए कुंभाराम लिफ्ट योजना के तहत 8 हजार करोड़ रुपए की घोषणा हो चुकी है। इस बारे में जलदाय मंत्री से उनकी तीन बार मीटिंग भी हो चुकी है। उनसे कहा है कि इस पूरे प्रोजेक्ट के छोटे-छोटे टुकड़ों में काम करवाया जाए। काम जल्द से जल्द पूरा हो, अन्यथा ऐसे प्रोजेक्ट के लिए इंटरनेशनल निविदा आती है। जो कंपनियां प्रोजेक्ट लेती है वह अन्य छोटे संवेदनको से सबलेट काम करवाती है। विकास कार्यों के रुकने की बात पर मंत्री ने कहा कि पिछले सरकार ने जो काम किया उनमें भ्रष्टाचार हुआ है। अब पारदर्शी तरीके से किस तरह काम हो उस पर मंथन चल रहा है। जल्द ही सभी काम पारदर्शी तरीके से गुणवत्ता पूर्ण होंगे।

### प्रोजेक्ट के लिए सीकर पहली सिटी

एवीवीएनएल के एमडी एनएस निर्वाण ने कहा कि सीकर पहली ऐसी सिटी है जिसे सोलर रूफटॉप प्रोजेक्ट के लिए चुना गया है। यदि 1 करोड़ सोलर रूफटॉप प्लांट लग जाते हैं तो बिजली की समस्या से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए डोर-टू-डोर सर्वे भी कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सोलर प्लांट से उत्पादित जितनी बिजली उपभोक्ता बिजली निगम को देगा उसके लिए उपभोक्ता को 2.17 रुपए प्रति यूनिट के हिसाब से भुगतान मिलेगा। सीकर में मार्च तक 1 हजार कनेक्शन का टारगेट रखा गया है। अब तक 140 रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं और 300 एप्लीकेशन आ चुकी है। इस प्रोजेक्ट के तहत 3 किलोवाट तक 18 हजार रुपए प्रति किलोवाट और इसके बाद 10 किलोवाट तक 9 हजार रुपए प्रति किलोवाट के हिसाब से सब्सिडी मिलेगी। धोद विधायक गोवर्धन वर्मा ने कहा कि सीकर में सुबह -शाम के समय लाइट चली जाती है। बिजली विभाग इसे ठीक करे। घर की हालत को देखते हुए ही वीसीआर भरी जाए, जिससे कि गरीब आदमी को कोई नुकसान नहीं हो।

---

**फर्जी आईडी कार्ड** भी बनवाया

## घुसपैठ कर भारत पहुंचे बांग्लादेशी भाई-बहन अजमेर में गिरफ्तार



**बेधड़क** | अजमेर

बॉर्डर पर तारों के नीचे से घुसपैठ कर भारत पहुंचे भाई-बहन को पुलिस ने अजमेर में दबोच लिया। दोनों फर्जी आईडी बनवाकर यहां दो महीने से रह रहे थे। पूछताछ में पता चला कि दोनों पहले भी अवैध रूप से भारत में आ चुके हैं।

दरगाह थाना पुलिस के अनुसार दोनों के पास फर्जी आईडी कार्ड मिले हैं। इनमें दोनों ने अपने नाम नाहिद शेख और नादिया शेख लिखवा रखे हैं। युवती का असली नाम महमूद अख्तर (30) और युवक का असली नाम नाहिद हुसैन (21) है। ये दोनों भाई-बहन हैं। फर्जी आधार कार्ड में दोनों ने खुद को पं. बंगाल के चौबीस परगना इलाके का निवासी लिखाया हुआ है। दोनों करीब दो महीने से अजमेर में रहकर कपड़ों का कारोबार कर रहे थे। सीआईडी ने शक के आधार पर जांच की तो दोनों के घुसपैठिए होने का खुलासा हुआ। दोनों को अलवर के डिटेनिंग सेंटर भेजा गया। दोनों के असली आईडी कार्ड भी बरामद कर लिए गए हैं। जानकारी के अनुसार दोनों घुसपैठिए बांग्लादेश के जिला मुंशीगंज के रहने वाले हैं। युवती पहले भी दो-तीन बार वीजा से अजमेर आ चुकी है, बाद में दोनों ने भारत का फर्जी आईडी कार्ड बनवा लिया था। पूछताछ के दौरान बांग्लादेशी युवती ने कहा कि वह नौकरी करने के लिए भारत आए थे। बांग्लादेश-भारत बॉर्डर पर एजेंट को 15 हजार रुपए देकर भारत में एंट्री की थी।

युवती ने कहा कि बांग्लादेश और इंडिया दोनों बॉर्डर के बीच कई एजेंट रहते हैं। पहले भी पैसे देकर भारत में एंट्री ली थी। एजेंट से सौदा तय होने के बाद वह बॉर्डर पर लगे तारों के नीचे से एंट्री कराते हैं। बांग्लादेश में काम नहीं मिलने के कारण यहां आते हैं।

---

**तुलछ सिंह की ढाणी के पास** देर रात हुआ हादसा


## ट्रैक्टर से भिड़ी बाइक, पिता-पुत्र की मौत

**बेधड़क** | जैसलमेर

रामगढ़ थाना इलाके में मंगलवार रात हुए एक सड़क हादसे में बाइक सवार पिता और पुत्र की मौत हो गई।

एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। इसके चलते बाइक सवार पिता-पुत्र उछल कर सड़क पर जा गिरे। बाद में राहगीरों ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान पिता-पुत्र दोनों की मौत हो गई।

हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर को भगा ले गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। रामगढ़ थाने के कांस्टेबल लक्ष्मीनारायण ने बताया कि मृतक जुगलराम (29)



निवासी कुछड़ी गांव अपने चार साल के बेटे विजय के साथ देर शाम बाइक पर नगा गांव से पारेवर गांव जा रहा था। इस दौरान तुलछ सिंह की ढाणी के पास एक ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। ट्रैक्टर की टक्कर से पिता-पुत्र दोनों गंभीर घायल हो गए। राह चलते लोगों ने दोनों घायलों को निजी गाड़ियों से जवाहर हॉस्पिटल पहुंचाया। हादसे की जानकारी मिलने पर मृतक के परिजन और रिश्तेदार मोर्चरी के बाहर एकत्र हो गए और आरोपी चालक को गिरफ्तार करने की मांग उठाई।

परिजनों ने रामगढ़ थाना पुलिस को ट्रैक्टर ड्राइवर की तलाश करने की मांग की है। फिलहाल किसी भी तरह का कोई मामला दर्ज नहीं करवाया गया है। पुलिस हादसे का कारण बने ट्रैक्टर और उसके ड्राइवर की तलाश कर रही है।

---

**प्रदेश में फोरेस्ट टूरिज्म को** बढ़ाने की कवायद

## उत्तराखंड और महाराष्ट्र से लाए जाएंगे टाइगर

**बेधड़क** | जोधपुर

प्रदेश के रणथंभौर बाघ अभ्यारण्य में अब टाइगर की तादाद भी बढ़ेगी। उत्तराखंड और महाराष्ट्र से यहां टाइगर लाए जाएंगे। इसके लिए सहमति भी मिल चुकी है।

ये जानकारी जोधपुर दौरे पर आए प्रदेश के वन और पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा ने सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत के दौरान दी। उन्होंने कहा कि वन और पर्यवारण विभाग को सीधे तौर पर पर्यटन से जोड़ा जाएगा। इसके लिए उत्तराखंड और महाराष्ट्र से टाइगर रणथंभौर लाने की सहमति हमें मिल गई है।



इससे राजस्थान के जो टाइगर है, उसकी नस्ल में सुधार होगा और उनका कुनबा भी बढ़ेगा। मंत्री शर्मा ने कहा कि इससे फोरेस्ट टूरिज्म को बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। लोकसभा चुनावों को लेकर उन्होंने कहा कि इस बार राजस्थान से 25 कमल खिलेंगे और मोदी की झोली में जाएंगे।

उन्होंने कहा कि वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए काम करने के लिए विभाग को निर्देशित किया है। वन विभाग की भूमि पर अतिक्रमण हटाने के सवाल पर मंत्री शर्मा ने कहा कि इसके लिए अधिकारियों को निर्देशित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वन विभाग में कर्मचारियों की भर्ती भी जल्द होगी।

वन और पर्यावरण राज्य मंत्री शर्मा ने सर्किट हाउस में वन विभाग के अधिकारियों की बैठक भी ली। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने अगवानी करने के साथ स्वागत किया। इस दौरान पाली के पूर्व सांसद पुष्प जैन से लेकर शहर विधायक अतुल भंसाली भी मौजूद रहे।

---

**मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन को पहुंचे बिट्टा बोले**

# अब मथुरा और काशी इंतजार... जल्द सुनेंगे रामलला

**बेधड़क** | दौसा

सैकड़ों साल से रामलला मिट्टी और गड्ढों में रहते हुए अपमानित होते रहे। उस समय विपक्षी पार्टियां कहां थी? उनके कार्यकाल में राम मंदिर का निर्माण क्यों नहीं हो सका? राम मंदिर पर गंदी राजनीति करने वालों को आने वाली पीढ़ियां कभी माफ नहीं करेगी।

ये बात ऑल इंडिया एंटी टेररिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष एम.एस. बिट्टा ने बुधवार को मेहंदीपुर बालाजी में मीडिया से बातचीत के दौरान कही। इस दौरान उन्होंने कहा कि अब अगला इंतजार काशी और मथुरा का है। बिट्टा दोपहर 1 बजे बालाजी के दर्शन करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने विपक्षी पार्टियों को निशाने पर



लिया और कहा कि आज अगर राम मंदिर का निर्माण हुआ है तो पहले क्यों नहीं हो सका? क्यों हजारों शहादतें हुई, रामलला क्यों अपमानित हुए? इसका मतलब राम मंदिर पर गंदी राजनीति होती रही।

इस मौके पर एम.एस. बिट्टा का मंदिर कमेटी की ओर से स्वागत किया गया। उन्होंने बालाजी महाराज को धोक लगाकर देश-प्रदेश में खुशहाली की कामना की। मेहंदीपुर धाम पहुंचने पर वे मीडियाकर्मियों से भी रूबरू हुए। उन्होंने कहा कि राम मंदिर से देशभर के लोगों की आस्था जुड़ी है। वहीं अब मथुरा और काशी का भी देश की जनता को इंतजार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास के कई आयाम स्थापित किए हैं। आज दुनियां में भारत की धाक कायम है।

### मोदी-योगी के रहते पूरी होगी आशा

मीडिया से बातचीत के दौरान बिट्टा ने मथुरा और काशी को लेकर कहा कि राममंदिर के बाद अब अगली बारी मथुरा और काशी की है। मुझे लगता है भगवान राम जल्दी ही सुनेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ के होते हुए करोड़ों लोगों की आशा पूरी होगी। मथुरा और काशी भी देशवासियों की आस्था के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा मैं पिछले 20 साल से मेहंदीपुर बालाजी आता रहा हूं। मुझे यहीं से प्रेरणा मिलती रही है। उन्होंने कहा कि मेरा जीवन रामलला और देश को समर्पित है।

### बालाजी की पूजा-अर्चना कर मांगी खुशहाली

एमएस बिट्टा ने बालाजी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की। मंदिर के पुजारियों ने मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना कराई। इस दौरान बिट्टा ने देश-दुनियां में खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि अयोध्या में मंदिर निर्माण के लिए भगवान राम और हनुमानजी ने नरेंद्र मोदी को फरिश्ते के रूप में हमारे बीच भेजा है और उनके हाथों से राम मंदिर का भव्य निर्माण हुआ है। इसके लिए पूरा देश नरेंद्र मोदी का आभारी है।

---

## पारंपरिक पहनावे को साड़ी वॉकथॉन से मिलेगा बढ़ावा

**बेधड़क** | कोटा

केंद्र सरकार के वस्त्र मंत्रालय के तत्वावधान में 4 फरवरी को हैंडलूम वस्त्र आधारित प्रदर्शनी एवं साड़ी वॉकथान का कोटा में आयोजन किया जाएगा। बुधवार को इसकी तैयारियों को लेकर जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ।

इसमें जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए की सभी विभागीय अधिकारी समाज के विभिन्न वर्गों से महिलाओं की साड़ी वॉकथॉन में भागीदारी सुनिश्चित करें। यह लगभग 2 किलोमीटर की वॉक होगी, जिसमें 2 किलोमीटर के परिसर को भी नारी सशक्तिकरण एवं परंपरागत परिधान साड़ी की थीम पर सजाया जाएगा। जिला कलेक्टर ने कहा कि आयोजन में अधिकाधिक महिलाओं और विभिन्न वर्गों का प्रतिनिधित्व रहे। इसमें विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार भी दिए जाएंगे। पारंम्परिक पहनावे और वोकल फोर लोकल अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय की ओर से पिछले साल शुरू किए गए साड़ी वॉकथॉन की मेजबानी इस बार कोटा करेगा। सूरत व मुंबई के बाद कोटा को तीसरे संस्करण की मेजबानी मिली है। 2 किमी लम्बी वन भारत साड़ी वॉकथॉन में सैकड़ों महिलाएं पारंपरिक साड़ी पहनकर भाग लेंगी। साड़ी परिधान ही नहीं बल्कि भारतीयता और संस्कृति का भी प्रतीक है। महिला सशक्तिकरण और भारतीय परिवेश को बढ़ावा देने की दिशा में भी यह आयोजन सफल होगा।

केंद्र सरकार ने जारी की कामकाजी महिलाओं की सुविधाओं के लिए एडवाइजरी

# महिलाओं के लिए वर्कप्लेस बनेंगे ज्यादा सुरक्षित व सुविधाजनक

बेधड़क | जयपुर

कामकाजी महिलाओं को कार्यस्थल पर सुविधाजनक व सुरक्षित माहौल मुहैया कराने के लिए केंद्र सरकार ने एडवाइजरी जारी की है। इसमें कंपनियों से वर्कप्लेस को महिलाओं के लिए सुविधाजनक बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय की एडवाइजरी के मुताबिक वर्कप्लेस पर वर्किंग वुमन हब में हॉस्टल की सुविधा, क्रेच, मैनेजमेंट और लीडरशिप में प्रमोट करना और हाइवे या कंस्ट्रक्शन वर्कर महिलाओं को मैटरनिटी बेनिफिट प्रदान करने के लिए कहा गया है।



## क्रेचेज के लिए बनाया गया मिनिमम स्टैंडर्ड

केंद्र की गाइडलाइंस के अनुसार 6 महीने और उससे बड़े बच्चों के लिए क्रेच के लिए मिनिमम स्टैंडर्ड और प्रोटोकाल जारी किए गए हैं। इसके तहत ऑफिसेस, रेजिडेंसिअल एरिया, स्कूलों, अस्पतालों आदि स्थानों पर घंटे, हफ्ते या महीने के शुल्क पर यह सुविधा दी जाए। साथ ही क्रेच के लिए ग्राउंड फ्लोर को वरीयता देने के लिए कहा गया है। बच्चों की सुरक्षा, स्वच्छता और सेहत का ध्यान रखने के साथ ही उन्हें उनकी आयु वर्ग के खिलौने भी दिए जाने के लिए कहा गया है। एडवाइजरी के अनुसार, महिला कर्मचारियों को आनलाइन भुगतान सुनिश्चित करना होगा, ताकि उनका सुपरवाइजर उनके वेतन में कटौती न कर सके। इसके अलावा, महिला वर्क फोर्स में बढ़ावा देने के लिए नाइट शिफ्ट और आवागमन के लिए जरूरी सुविधाएं भी देनी होंगी।

## यूनिवर्सिटीज तैयार करेंगी हॉस्टल

एडवाइजरी में सेंट्रल यूनिवर्सिटीज को गवर्नमेंट के सहयोग से वर्किंग वुमन्स के लिए हॉस्टल सेटअप करने के लिए कहा गया है। सरकार की इस पहल पर 7 केंद्रीय विश्वविद्यालयों ने इस संबंध में अपने प्रस्ताव रखे हैं। यूनिवर्सिटी कैंपस में ही केवल कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल की सुविधा देने को लेकर महिला व बाल विकास मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय ने संयुक्त प्रस्ताव तैयार किया है। उम्मीद है कि अगले दो हफ्तों में इन प्रस्तावों की संख्या दोगुनी हो जाएगी।

## महिला कर्मियों को दें 26 हफ्तों की मैटरनिटी लीव

केंद्र सरकार ने रोजगार प्रदाताओं से कहा है कि सड़क निर्माण करने वाली रजिस्टर्ड महिला कर्मियों को दो प्रेगनेंसी के लिए 26-26 हफ्तों की वेतन सहित मैटरनिटी लीव दी जाए। अगर किसी महिला का कोई बच्चा जीवित नहीं है तो उसे तीसरी प्रेगनेंसी में भी 26 हफ्तों की मैटरनिटी लीव मिलेगी। इसके अलावा दो प्रेग्नेंसी के बाद महिला को 12 हफ्ते की मैटरनिटी लीव मिलेगी।

## Yuva स्टोरीज



### कार्यशाला में दी महिला सुरक्षा की जानकारी

बेधड़क । जयपुर। कच्ची बस्ती सीताराम नगर प्रथम गोपालपुरा आंगनबाड़ी केन्द्र पर महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र महेश नगर थाना दक्षिण की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में केन्द्र की काउंसलर पिंकी शर्मा, रिंकेश शेखावत एवं महिला बाल विकास विभाग की कार्यकर्ता माया जैमन उपस्थित रहीं। काउंसलर्स ने महिला सुरक्षा से जुड़े तथ्यों, योजनाओं एवं महिलाओं व बालिकाओं से जुड़े कानूनों के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही जागरुकता पैदा करने के लिए कच्ची बस्ती में भी कार्यक्रमों का आयोजन करने पर जोर दिया ताकि महिलाओं के प्रति समाज में सकारात्मक एवं सुरक्षात्मक वातावरण बन सके। इस अधिनियम के तहत आंतरिक शिकायत समिति का गठन होता है जो लैंगिक उत्पीड़न की घटनाओं को रोकने का काम करती है। महिलाओं ने गैर सरकारी संस्थाओं, महिला अधिकारिता, राजस्थान पुलिस, महिला बाल विकास के सहयोग से आयोजित कार्यशाला की सराहना की। इस दौरान सहायिका राम भरोसी, आशा सहयोगिनी संतोष बैरवा सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

### वार्षिकोत्सव में छात्रों को मिले पुरस्कार



**जयपुर।** आमेर उपखण्ड क्षेत्र के ग्राम जैतपुर खींची के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को वार्षिकोत्सव, भामाशाह सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंचायत समिति सदस्य छाजूराम मीना एवं विशिष्ट अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत छापराडी प्रतिनिधि सत्यनारायण मीना थे। प्रधानाचार्य शम्भू दयाल रैगर ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मंच संचालन गोपाल सिंह गुर्जर ने किया। इस अवसर पर छात्रों को पुरस्कार भी दिए गए। भामाशाहों एवं प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गोपीराम यादव, राजवीर सिंह, हरिनारायण वर्मा, सुवालाल यादव, झुन्था राम अमीन सहित विद्यालय के स्टाफ गोकुल प्रसाद बासनीवाल, महेश कुमार, गजानंद शर्मा, हरफूल सिंह यादव, राकेश वर्मा, अश्विनी दोतोलिया, राहुल शर्मा, हरेंद्र सिंह, अशोक फोगावट, कुसुमलता चौधरी, संतोष शर्मा, अशोक सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## सहायक लोको पायलट: आयु में 3 साल की छूट

**जयपुर।** रेलवे भर्ती बोर्ड की ओर से सहायक लोको पायलट भर्ती में अभ्यर्थियों को आयु सीमा में 3 साल की छूट दी जाएगी। आयु सीमा में राहत के साथ दूसरी भर्ती की प्रक्रिया को भी निर्धारित समय में पूरा करने के लिए टाइमलाइन जारी की गई है। इसके साथ ही रेलवे में टेक्नीशियन के पदों पर भी जल्द बहाली को लेकर नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि अब जनरल और ईडब्लूएस के अभ्यर्थी, जिनकी जन्म तिथि दिनांक 2 जुलाई 1991 और 1 जुलाई 2006 के बीच है, वे इस पद के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसी तरह ओबीसी (एनसीएल) के अभ्यर्थी जिनकी जन्मतिथि 2 जुलाई 1988 और 1 जुलाई 2006 के बीच है तथा एसी/एसटी के अभ्यर्थी जिनकी जन्मतिथि 2 जुलाई 1986 और 1 जुलाई 2006 के बीच है, इस पद के लिए आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि एएलपी की भर्ती के लिए अगले चरण में जनवरी, 2025 में एक बार फिर रिक्तियां निकालने की योजना संभावित है। रेलवे भर्ती बोर्ड सहायक लोको पायलट के अलावा टेक्नीशियन के लिए भी जल्द ही नोटिफिकेशन जारी कर सकता है। इच्छुक उम्मीदवार अगले नोटिफिकेशन से संबंधित जानकारी के लिए RRB की ऑफिशियल बेवसाइट HTTPS://INDIANRAIL-WAYS.GOV.IN/ नियमित रूप से चेक करते रहें।

### यह तय हुई नियुक्ति की टाइमलाइन

1. प्रथम चरण में सीबीटी-1 की परीक्षा जून से अगस्त, 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।
2. द्वितीय चरण में सीबीटी-2 की परीक्षा सितम्बर, 2024 में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।
3. तीसरे चरण में Aptitude Test (सीबीएटी) नवम्बर, 2024 में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।
4. Aptitude Test के बाद डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन के लिए अभ्यर्थियों को नवंबर-दिसंबर, 2024 तक शॉर्टलिस्ट कर लिया जाएगा।

महारानी कॉलेज पहुंचीं प्रो. रुचिरा गुप्ता

# मुश्किलों को किक मारकर भरो कामयाबी की उड़ान

बेधड़क | जयपुर

महारानी महाविद्यालय की स्टूडेंट्स बुधवार को एमी अवॉर्ड से सम्मानित प्रसिद्ध लेखिका प्रो. रुचिरा गुप्ता की नई नायिका 'हीरा' की जुझारू जिंदगी रू-ब-रू हुईं। खुद प्रो. रुचिरा गुप्ता ने अपनी नायिका के संघर्षपूर्ण व्यक्तित्व के दर्शन अपने शब्दों के जरिए स्टूडेंट्स को करवाए। लेखिका, पत्रकार, डाक्यूमेंट्रियन और न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी की विजिटिंग प्रोफेसर प्रो. रुचिरा गुप्ता बुधवार को महारानी कॉलेज पहुंची। उन्होंने छात्राओं से यौन उत्पीड़न व सेक्सुअल ट्रैफ़िकिंग के क्षेत्र में अपने कार्य पर अपने विचार साझा किए। अपनी नई किताब 'आई किक एंड आई फ्लाई' की नायिका हीरा के बारे में उन्होंने स्टूडेंट्स से बात की। हीरा रेड लाइट एरिया से निकल कर कुंग फू के जरिए अपनी ज़िंदगी बदलने की कोशिश करती है। प्रो. गुप्ता ने कार्यक्रम के अंत में छात्राओं को अपनी किताब पर ऑटोग्राफ भी दिए।

इस अवसर की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्या प्रो. निमाली सिंह ने की। उन्होंने कहा कि जिस तरह प्रो. गुप्ता की किताब में हीरा मुश्किलों को किक मारकर अपनी उड़ान भरती है उसी तरह महारानी महाविद्यालय की छात्राएं भी किक एंड फ्लाई के उत्साह से आज पावर अप हुई हैं। प्रो. सिंह ने इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजिका डॉ. प्रीति चौधरी को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारी बच्चियों को सामयिक मुद्दों से परिचित कराने के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।

कार्यक्रम के अंत में संयोजिका डॉ. प्रीति चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि हम हमारी बेटियों को ऐसे विषयों से अवगत कराएं जिससे छात्राएं एक ऐसा कल बना सकें जो महिलाओं के प्रति हिंसात्मक ना हो। कार्यक्रम का संचालन भाग्यश्री ने किया। कार्यक्रम रजत बुक कंपनी के साथ संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ।



## दृष्टिबाधित बच्चों ने सीखा सेल्फ डिफेंस



**जयपुर।** रोटरी क्लब जयपुर की ओर से राजस्थान नेत्रहीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दो दिवसीय सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप में बच्चों को विशेषज्ञों ने सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दी। अध्यक्ष रोटेरियन उजास चांद जैन एवं सचिव रोटेरियन पीयूष जैन ने बताया कि इस कार्यशाला में रोटेरियन डॉ. पल्लवी सिंघवी, चेयरपर्सन रोटरी सेल्फ डिफेंस अकादमी, शिहान हेमंत कुमार और उनकी टीम ने 100 बच्चों को शारीरिक एवं गैर शारीरिक आत्मरक्षा तकनीक के बारे में विस्तार से समझाया। वर्कशॉप के दौरान सभी बच्चे उत्साह से भरे नजर आए। स्कूल प्रिंसिपल धर्मराज ने रोटरी से प्रतिमाह ऐसे ट्रेनिंग सेशन आयोजित करने का निवेदन किया। वर्कशॉप समपान के अवसर पर बच्चों को सर्टिफिकेट दिए गए।



जयपुरिया इंस्टीट्यूट में स्पोर्ट्स मीट

## 40 कॉलेजों के 800 छात्र हुए शामिल



### अलग-अलग खेलों में स्टूडेंट्स ने दिखाई अपनी प्रतिभा

बेधड़क | जयपुर

जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में आयोजित 11वीं वार्षिक राष्ट्रीय इंटर-कॉलेज स्पोर्ट्स मीट में स्टूडेंट्स ने अपनी स्पोर्ट्स स्किल्स दिखाईं।

स्पोर्ट्स मीट के मुख्य अतिथि वॉलीबॉल के राष्ट्रीय खिलाड़ी रजत चपरावल और फिटनेस कोच-मानसीफिट-4 लाइफ की मानसी जैन थीं। राज्य स्तरीय तीरंदाजी अकादमी कोच निखिल पारीक समापन समारोह के अतिथि के रूप में शामिल हुए। इंस्टीटयूट के डायरेक्टर डॉ. प्रभात पंकज ने अतिथियों का स्वागत किया।

छात्र मामलों के डीन डॉ. दानेश्वर शर्मा ने बताया कि जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट की स्पोर्ट्स कमेटी और डेजर्ट डेविल्स क्लब की ओर से आयोजित स्पोर्ट्स मीट में देशभर के 40 से अधिक विभिन्न कॉलेजों के 800 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। 11वीं राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता 2024 की शुरुआत फ्लैग मार्च से हुई। खेल समिति के संकाय अध्यक्ष प्रो. राहुल मीना ने बताया कि समापन समारोह में विजेताओं को सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि खो-खो (गर्ल्स व ब्यॉयज) में प्रथम पुरस्कार संस्कृति कॉलेज ने जीता वहीं लंबी कूद प्रतियोगिता (लड़के और लड़कियां) एमिटी कॉलेज ने जीती। वॉलीबॉल (गर्ल्स) कनोरिया पीजी महिला कॉलेज और वॉलीबॉल (बॉय्ज) में वीजीयू की टीम विजेता रही। इसी तरह रस्साकसी (लड़के और लड़कियां) में जयपुरिया इंस्टीट्यूट अव्वल रहा।

ऊंची कूद एमिटी कॉलेज ने, बास्केटबॉल लड़कियों और लड़कों में राजस्थान यूनिवर्सिटी ने पहला स्थान हासिल किया। गली क्रिकेट (बॉय्ज) का खिताब पोद्दार कॉलेज के नाम रहा। पूल टेबल तथा टेबल टेनिस एकल और युगल लड़कियों का खिताब जयपुरिया जयपुर ने जीता। वहीं, लड़कों का एकल मुकाबला जयपुरिया ने ही अपने नाम किया। युगल का खिताब एपेक्स यूनिवर्सिटी ने जीता।

फुटबॉल में वीजीयू तथा शतरंज में जेईसीआरसी चैंपियन रहे। वहीं, कैरम प्रतियोगिता जयपुरिया लखनऊ और साइबर गेम्स प्रतियोगिता पोद्दार कॉलेज ने जीती। स्पोर्ट्स मीट के खेल समन्वयक देवेश वशिष्ठ व स्टाफ समन्वयक प्रियंका यादव और छात्र मामलों के समन्वयक हिमांशु शर्मा थे।

डिस्कशन | राजस्थान विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी

# शारीरिक शिक्षा व खेलों के विभिन्न आयामों पर चर्चा

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय के खेल बोर्ड एवं शारीरिक शिक्षा विभाग की ओर से भूगोल विभाग के सेमिनार हॉल में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 द्वारा खेलों और शारीरिक शिक्षा के आयामों में आए बदलाव' विषय पर हुई संगोष्ठी में विद्यार्थियों के सर्वांगीण व बहुआयामी विकास को केन्द्र में रखते हुए खेल और शारीरिक शिक्षा के राष्ट्रीय शिक्षा नीति में वर्णित नए आयामों पर व्यापक चिंतन किया गया।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति को सही दिशा में लागू करने, उचित क्रियान्वयन एवं बदलावों को सुगम करने पर विमर्श हुआ।







आयोजन सचिव डॉ. प्रीति शर्मा ने बताया कि संगोष्ठी में देश के विभिन्न प्रांतों से 252 प्रतिभागी शामिल हुए जिनमें शारीरिक शिक्षा से जुड़े हुए विशेषज्ञ, खिलाड़ी, शारीरिक शिक्षा के अध्यापक, शोधार्थी और छात्र शामिल हुए। संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर के प्रो. राजेन्द्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मुख्य वक्ता आईआईटी जोधपुर के डॉ. सुधीर देवनाथ थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. रश्मि जैन ने भाग लिया।

अध्यक्षता कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने की। प्रो. राजेन्द्र सिंह ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति में हो रहे नये कार्यों की चर्चा की तथा खेल के माध्यम से होने वाले परिवर्तन को विशेष रूप से उपयोगी माना।

प्रो. रश्मि जैन ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मूलभूत आधार पर विशेषतः चर्चा करते हुए छात्रों को सभी विषयों सहित सामंजस्य रखकर अध्ययन करने की प्रेरणा दी। आयोजन सचिव डॉ. शैलेष मौर्य ने धन्यवाद ज्ञापन किया एवं डॉ. रश्मि बुन्देल ने कार्यक्रम का संचालन किया।

### विशेषज्ञों ने शोधार्थियों के साथ किया विचार विमर्श

उद्घाटन सत्र के बाद आयोजित परिचर्चा सत्र में आईआईएस यूनिवर्सिटी से रेनू सिंघल, विशेषज्ञ प्रो. पंकज नागर, शिवांगी शारदा आदि ने शारीरिक शिक्षा एवं खेलों के उभरते हुए नए आयामों एवं चुनौतियों पर छात्रों व शोधार्थियों के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया। सुरेन्द्र मीना ने संगोष्ठी की जानकारी देते हुए बताया कि इस संगोष्ठी को ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यमों से आयोजित किया गया है।


# ए.के. हंगल: एक आंदोलनकारी अदाकार



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

ए.के. हंगल के नाम का जैसे ही तसव्वुर करो, तुरंत हमारी आंखों के सामने एक ऐसी शख्सियत आ जाती है जो सौम्य, शिष्ट, सहृदय, सभ्य, गरिमामय, हंसमुख है और इस सबसे बढ़कर, एक अच्छा इंसान। भला आदमी! हिंदी सिनेमा का भला आदमी। आधी सदी तक हिन्दी फिल्मों में लगातार भले मानुष का किरदार निभाने वाले हंगल आज भले ही हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके द्वारा की गई 200 से ज्यादा फिल्में, हिंदी रंगमंच, भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) और देश की आजादी में किया गया काम, उनकी याद दिलाता है। अविभाजित भारत के सियालकोट (जो कि अब पाकिस्तान में है) में 1 फरवरी, 1914 को जन्मे अवतार विनीत कृष्ण हंगल उर्फ ए.के. हंगल की शुरुआती जिंदगी काफी हंगामेदार रही। उनका बचपन और पूरी जवानी संघर्ष में गुजरी। उन्हें बचपन से ही संगीत और नाटक का शौक था। इसके लिए उन्होंने बाकायदा उस्ताद खुदाबख्श से संगीत और महाराज बिशिनदास से तबला बजाने का हुनर सीखा। उनके घर के ही बगल में एक संगीत और नाटक का क्लब 'श्री संगीत मंडल' था, जिसके वे सदस्य बन गए। 1938-39 के दरमियानी साल में उन्होंने अपना पहला नाटक 'जुल्म-ए-कंस' खेला, जो कि उर्दू में था। इस नाटक में उन्होंने 'नारद' की भूमिका निभाई और कुछ गाने भी गाए। आगे चलकर उन्होंने 'हार्मोनिका' क्लब बनाया, जो जल्द ही पूरे कराची शहर में मशहूर हो गया। इसी दौरान उन्होंने अपना पहला नाटक 'प्रायश्चित' लिखा, जो महात्मा गांधी द्वारा छुआछूत के खिलाफ चलाई गई मुहिम से प्रेरित था। स्वाभाविक है कि नाटक में उन्होंने अभिनय भी किया और यहीं से उनका अभिनय में लगाव बढ़ता चला गया।

ए.के.हंगल स्कूली दिनों से ही नाटक के अलावा क्रांतिकारी कार्यों में भी हिस्सा लेने लगे थे। पेशावर में किस्सा ख्वानी बाजार में अंग्रेजों ने जो नरसंहार किया, वे उस नरसंहार के चश्मदीद गवाह थे। उन्होंने भी इस नरसंहार के प्रतिरोध में अंग्रेजों पर भीड़ से पत्थर बरसाए थे। यही नहीं, क्रांतिकारी भगत सिंह और उनके साथी सुखदेव तथा राजगुरु की शहादत का भी किशोर हंगल के दिलो-दिमाग पर गहरा असर पड़ा। इन क्रांतिकारियों को बचाने के लिए उस वक्त वायसराय को दिए गए, मर्सी पिटिशन पर हस्ताक्षर करने वालों में वे भी शामिल थे। बहरहाल, बचपन में घटी इन घटनाओं का हंगल के पूरे जीवन पर बड़ा प्रभाव रहा। अपनी जिंदगी के आखिर तक वे बराबर शोषण, अत्याचार और असमानता के खिलाफ लड़ते रहे। उन्हें फिल्मी कलाकार के रूप में जानने वाले ज्यादातर लोगों को शायद ही यह बात मालूम हो कि ए.के. हंगल भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता भी थे। आजादी के पहले से ही उन्होंने पार्टी और यूनियनों की गतिविधियों में भाग लेना शुरू कर दिया था। इन गतिविधियों का ही नतीजा था कि आजादी के बाद उन्हें पाकिस्तान की जेलों में रहना पड़ा। पाकिस्तानी जेलों में दो साल काटने के बाद साल 1949 में वे हमेशा के लिए भारत आ गए। मायानगरी मुंबई को उन्होंने अपनी कर्मस्थली के रूप में चुना और अपने परिवार के जीवनयापन के लिए टेलरिंग शुरू कर दी।



**जयंती (1 फरवरी) पर विशेष**

> *"रंगमंच से जुड़े होने के कारण हंगल के अभिनय में सहजता थी। जिसकी वजह से वे हर किरदार में आसानी से ढल जाया करते थे। वे इप्टा के नाटकों में मुसलसल काम करते रहे। इप्टा के सांगठनिक कार्यों में भी वे बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे।"*

भारत आने के बाद भी ए. के. हंगल का पार्टी और यूनियनों की राजनीति से लगाव नहीं छूटा। वे बंबई की चालों में कई साल तक रहे। चाल में रहने वाले किराएदारों की समस्याओं से जब उनका साबका पड़ा, तो इनसे निपटने के लिए उन्होंने किराएदारों का एक संघ बनाया। बाद में वे दर्जियों के अधिकारों की लड़ाई में कूद गए। उन्होंने बंबई में 'टेलरिंग वर्कर्स यूनियन' का गठन किया और उनकी लड़ाई लड़ी। जब संयुक्त महाराष्ट्र आंदोलन की शुरुआत हुई, तो उन्होंने आचार्य अत्रे, कॉमरेड एसएम जोशी, कॉमरेड एसए डांगे, एनजी गोरे जैसे शीर्षस्थ नेताओं के साथ इस आंदोलन में हिस्सेदारी की। वे गोवा मुक्ति आंदोलनकारियों में भी शामिल रहे। बाहर से हमेशा शांत और सहज दिखलाई देने वाले हंगल, अंदर से पूरे आंदोलनकारी थे। जहां भी कहीं कुछ गलत होता, वे उसके खिलाफ आवाज जरूर उठाते। आजादी के बाद जब 'भारतीय जन नाट्य' संघ यानी इप्टा लगभग टूट रहा था, तब वे ए. के. हंगल ही थे, जिन्होंने इप्टा को पुनर्जीवन दिया। आर. एम. सिंह और रामाराव जैसे साथियों को साथ लेकर उन्होंने इप्टा को फिर खड़ा किया। ए.के. हंगल ने उन सभी कलाकारों से संपर्क स्थापित किया, जिन्होंने विभिन्न कारणों से इप्टा छोड़ दी थी। उनकी कोशिशें रंग लाईं और इप्टा एक बार फिर पहले की तरह काम करने लगा। देखते-देखते कवि शैलेन्द्र, संगीतकार सलिल चौधरी, केन घोष, बलराज साहनी, रमेश तलवार, सागर सरहदी, एम.एस. सथ्यु, शमा जैदी, राजी सेठी, नितिन सेठी, शशि शर्मा, मोहन शर्मा जैसे प्रतिभाशाली कलाकार इप्टा से जुड़ गए। ए.के. हंगल ने आगे चलकर इप्टा के कई नाटकों में निर्देशन व अभिनय किया। इप्टा में वे इस कदर रम गए कि उन्होंने अपने आप को पूरी तरह से नाटकों में डुबो लिया। 'बाबू', 'इनामदार', 'अफ्रीका जवान परेशान', 'इलेक्शन का टिकिट', 'आजर का ख्वाब', 'अतीत की परछाईंया', 'जवाबी हमला', 'सूरज', 'मुसाफिरों के लिए', 'भगत सिंह', 'आखिरी शमां' आदि चर्चित नाटकों में उन्होंने अभिनय किया। रंगमंच से उनके अभिनय की लोकप्रियता धीरे-धीरे फिल्मी दुनिया तक पहुंची।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## सोशल मीडिया और साइबर फ्रॉड का बड़ा कारण जागरूकता का अभाव

# साइबर क्राइम: बड़े धोखे हैं इस राह में...



गीता यादव
वरिष्ठ पत्रकार

> *"ऑनलाइन डेटिंग और रोमांस एप के जरिए दुनिया भर में धोखाधड़ी और ठगी के मामले बढ़े हैं। सोशल मीडिया और साइबर फ्रॉड को लेकर जागरूकता की कमी के चलते महिलाएं धोखाधड़ी और दुष्कर्म का शिकार हो रही हैं। साइबर एक्सपर्ट की मानें, तो इस जाल में फंसकर शर्म और बदनामी के डर से कई युवक-युवतियां सुसाइड करने तक को मजबूर हो रही हैं।"*

दुनिया भर के लोग इंस्टा और फेसबुक जैसे प्लेटफार्म पर मिलते हैं, दोस्त बन जाते हैं। धीरे-धीरे दोस्ती प्यार में तब्दील हो जाती है। देखा जाए तो नए तरह के सामाजिक रिश्तों का ये मायावी संसार बेहद लुभावना है। इसके माध्यम से अनजाने रिश्ते आपस में जुड़ जाते हैं। हाल के दिनों में ऑनलाइन प्यार की ऐसी कई कहानियां सामने आईं, जिनमें लोगों ने सरहद तक को पार कर दिया, लेकिन देखने में जो सोशल मीडिया रोमांचक है, उसके खतरे भी हजार हैं। दरअसल, जब चैटिंग से शुरू हुआ सफर दोस्ती छेड़खानी, दुष्कर्म, यौन शोषण, शादी के नाम पर झांसे और आर्थिक शोषण से खत्म होता है, तब स्थिति बहुत दुखदायी हो जाती है। पुलिस आंकड़ों पर गौर करें तो, सोशल मीडिया और डेटिंग साइट्स ने लड़कियों के अपहरण की घटनाओं का ग्राफ बढ़ा दिया है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि अपहरण के जो मुकदमे लिखे गए, उनमें बड़ी संख्या में अरोपित से पहचान सोशल मीडिया पर हुई थी। पुलिस अधिकारियों की मानें तो सोशल मीडिया पर पहले दोस्ती हुई उसके बाद प्यार। साथ में जीने-मरने की कसमें खाई गईं। लड़कियों ने घर छोड़ा। जब भूल का अहसास हुआ, तब तक देर हो चुकी थी। फेसबुक या अन्य सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती करके शादी करने का झांसा देने और होटल में बुलाकर दुष्कर्म करने जैसे मामले भी लगातार बढ़ रहे हैं। दुष्कर्म के मामलों में 30 से 40 फीसदी मामले इसी तरह के होते हैं। वर्चुअल चैट्स और वीडियो कॉलिंग के जरिए मुलाकातों ने अपराधियों के लिए नए-नए रास्ते खोल दिए हैं। पिछले एक साल में डिजिटल रोमांस स्कैम की संख्या में भी 40 फीसदी की वृद्धि हुई है। एशिया के कई देशों में ये ऑनलाइन रोमांस स्कैम धड़ल्ले से चल रहा है। भारत ही नहीं विदेशों में भी बड़ी संख्या में लोग ऑनलाइन स्कैम के शिकार हो रहे हैं, लेकिन सिर्फ 20 फीसदी लोग ही इसकी शिकायत पुलिस से करते हैं। एफबीआई के अनुसार रोमांस घोटाला तब होता है, जब एक अपराधी फर्जी प्रोफाइल बनाता है। फेसबुक पर कम से कम 20 प्रतिशत ऐसे यूजर हैं, जो फर्जी नाम, पहचान



और फोटो का इस्तेमाल करके चैटिंग करते हैं। आकर्षक प्रोफाइल बनाकर पहले दोस्ती और फिर रात भर बातें। फिर यह कहना कि भारी मुसीबत में फंस गया हूं और फिर शुरू हो जाता है ठगी का धंधा। सामने वाला इतना भावुक हो जाता है कि तुरंत भुगतान कर देता है। जैसे ही पैसे का भुगतान होता है, फेक प्रोफाइल क्लोज हो जाता है। उसके बाद यह समझ में आता है बिना सोचे-समझे ऑनलाइन प्यार के चक्कर में पड़कर वह अपना पैसा गंवा चुके हैं। साइबर एक्सपर्ट बताते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में सोशल मीडिया पर फोटो के साथ-साथ वीडियो अपलोड करने का शौक भी लोगों में तेजी से बढ़ा है। कोई रील्स बनाकर डालता है, कोई बच्चे का वीडियो डालता है, लेकिन अब ये भी बेहद खतरनाक बनता जा रहा है, क्योंकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए आवाज कॉपी तक होती है। बाद में उसका इस्तेमाल आपको ठगने के लिए किया जा सकता है।

आजकल हनी ट्रैप की घटनाएं भी चर्चा में हैं। आपके वॉट्सएप या मैसेंजर पर किसी अज्ञात नंबर/प्रोफाइल से लड़की/लड़के द्वारा आपसे चैटिंग की जाती है। उसके बाद उसके द्वारा वीडियो कॉल किया जाता है और जैसे ही आप वीडियो कॉल उठाते हैं तो स्क्रीन रिकॉर्डिंग के माध्यम से उसके द्वारा आपकी 10-15 सेकंड की एक वीडियो क्लिप बना ली जाती है और उस क्लिप को एडिट कर आपको ब्लैकमेल करते हुए वीडियो डिलीट कराने के लिए पैसे की मांग की जाती है। इन दिनों इन ठगों के निशाने पर मेट्रोमोनियल साइट्स पर दूल्हे की तलाश कर रहे लोग भी हैं। ये सरहद पार का गिरोह है, जिसमें अधिकांश ठग नाइजीरियन हैं। ठग फेसबुक पर अपने प्रोफाइल में आकर्षक युवक की फोटो लगाकर खुद को विदेश में डॉक्टर बिजनेसमैन या उद्योगपति बताते हैं। इसके बाद महिलाओं को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजते हैं। दोस्ती करने के बाद लंबी चैटिंग करते हैं। शादी करने का आश्वासन देते हैं और फिर अंत में विदेश से एक महंगा गिफ्ट भेजने का झांसा देते हैं। इसके बाद गिफ्ट को भारत में छुड़ाने, कस्टम विभाग में फंसने और फिर उसे छुड़ाने आदि के नाम पर पैसा मंगवाते हैं। ये आवाज बदलने में माहिर होते हैं। इनकी शिकार फोर्टी प्लस की महिलाएं ज्यादा होती हैं। इनके जाल में फंसकर महिलाएं इतना बेबस हो जाती हैं कि सुसाइड तक कर लेती हैं। जॉर्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ अलबामा और यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ फ्लोरिडा के अध्ययनकर्ताओं ने अपने अध्ययन में यह पाया कि ऑनलाइन रामांस से जुड़ी धोखाधड़ी कोई संयोग नहीं, बल्कि इसकी रणनीति सोच-समझकर बनाई जाती है, जिसके चार चरण होते हैं। आकर्षक प्रोफाइल बनाकर पीड़ितों को फंसाना, पीड़ितों से आत्मीय बातचीत करना, पैसे ऐंठने के लिए संकट की स्थिति पैदा करना और उसके बाद पीड़ितों को ब्लैकमेल कर ठगना। अनुसंधान से पता चला कि ठग पीड़ितों से पैसा ठगने के लिए विभिन्न सोशल इंजीनियरिंग तकनीक का इस्तेमाल करते हैं। एक सर्वे के अनुसार, सोशल मीडिया पर 36 फीसदी लड़कियों को अजनबियों द्वारा परेशान किया जाता है।

वहीं, 32 फीसदी को फेक आईडी सोशल मीडिया यूजर्स अपशब्द और अश्लील मैसेज भेजते हैं। इसके परिणामस्वरूप ऑनलाइन उत्पीड़न ने 42 फीसदी महिलाओं को मानसिक और भावनात्मक रूप से तनावग्रस्त कर दिया है। साथ ही, उनमें आत्मसम्मान और आत्मविश्वास की कमी भी पैदा की है। यही कारण है कि पांच में से एक लड़की ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म से उचित रूप से दूरी बना ली है। ऐसे ही एप्स को लेकर अंतरराष्ट्रीय अपराधिक पुलिस संगठन इंटरपोल ने पिछले साल दुनिया के 194 देशों को अलर्ट जारी किया था। इसमें भारत भी शामिल है। अलर्ट के मुताबिक इंटरनेट मीडिया पर अनजान लोगों से दोस्ती करने से बचें। अपने प्रोफाइल में निजी जानकारियों को शामिल न करें। हमेशा प्रोफाइल को सत्यापित करें और उसकी जांच करें। वित्तीय अनुरोध करने वाले ऑनलाइन प्रेमी-प्रेमिकाओं से सावधान रहें। ऑनलाइन लिंक और इंटरनेट मीडिया पर किसी भी तरह के ऑफर और लालच में न आएं। कोई रुपए की मांग करता है तो पहले जांच लें। जांच करने के बाद ही किसी भी बैंक खाते में राशि डालें। फिर भी अगर आप ठगी का शिकार हो जाते हैं तो तुरंत साइबर हेल्प लाइन नंबर और अपने नजदीकी साइबर थाने में लिखित शिकायत दें। इस तरह की सावधानियों को ध्यान में रखकर ही इस परेशानी से बचा जा सकता है। देखा जाए तो ऑनलाइन धोखाधड़ी आर्थिक घोटाला ही नहीं है, इसमें पीड़ित को भावनात्मक क्षति भी होती है। उसके लिए भविष्य में किसी पर भी आसानी से भरोसा करना मुश्किल हो जाता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**व्यंग्य**

# यू-टर्न...



संतोष दिवाकर
स्वतंत्र टिप्पणीकार

यू टर्न का निशान सड़कों पर यदाकदा देखने को मिल जाता है, सड़क के मोड़ के नजदीक आते ही यह सूचनापट दिखाई देती है, परन्तु जीवन के डगर पर कब यू टर्न आ जाए और कौन यू टर्न ले ले, कहना बड़ा मुश्किल है। आज किसी की लंका जल गई; तो किसी की दिवाली हो गई तो किसी का दिवाला। तुलसी बाबा भी कहते हैं उलटी पलटी लंका सब जारी। लोग कहते हैं भगवान के घर में देर है अंधेर नहीं है। एक हाथ से दो तो भगवान दूसरे हाथ से देते हैं, यही अभी देखने को मिला। एक हाथ से दिया गया दूसरे हाथ से लिया गया और पल भर में हिसाब-किताब बराबर हो गया; पल भर में पाला क्या बदला, कुछ लोगों को पाला मार गया तो कुछ लोगों के पाले में सत्ता आ गई, परंतु मुखिया नहीं बदला, बदले सहारा देने वाले लोग!

यह सब इतना सहज ढंग से हुआ जैसे आमिर खान और किरण राव का तलाक! तलाक के बाद आमिर खान ने कहा हम लोग काम के सिलसिले में मित्र की तरह मिलते रहेंगे। राजनीति में तलाक हो जाने के बाद भी मिलना-जुलना लगा ही रहता है, हाथ से हाथ भले ही ना मिले नैन से नैन तो मिलते ही रहते हैं और कहीं ना कहीं दिल के एक कोने में सत्ता के खेल की यादों के तार भी जुड़े ही रहते हैं।

कुछ दिनों के बाद लोग यह गाना भी गुनगुनाने लगते हैं- आप यूं ही अगर हमसे मिलते रहे देखिए एक दिन प्यार हो जाएगा। क्या पता फिर दुबारा गठबंधन हो जाए, कसमें तो पहले भी खाई थी कि अब नहीं मिलेंगे पर फिर मिले। निजी जीवन के गठबंधन में तो सात जन्मों तक एक-दूसरे के साथ रहने का वादा करना पड़ता है लेकिन राजनीतिक जीवन में बुआजी की तरह सात माह भी सरकार चल जाए तो बहुत है। सुंदरकांड में तुलसी बाबा कहते हैं- मातु मोहि दीजे कछु चिन्हा जैसे रघुनायक मुझे दीन्हा। लेकिन राजनीति में क्या चिह्न दिया जा सकता है, सिवाय आश्वासन के।

यू टर्न लेने के बाद वादों की झड़ी लगा देते हैं। लोग आश्वस्त होना चाहते हैं कि आगे सब कुछ ठीक रहेगा, पूर्व की भांति भविष्य में कहीं कोई अभूतपूर्व घटना तो नहीं घटेगी। फिर घरों की अदला-बदली नहीं होगी। राजनीति में नए घरों और पुराने घरों में आना-जाना लगा रहता है। जब गायिका नूरजहां पाकिस्तान से पहली बार भारत आई तो दिलीप साहब ने कहा "मैं तो उस दिन से नूरजहां का इंतजार कर रहा हूं जिस दिन से वो पाकिस्तान गई है"। अचार को उलट-पुलट करते रहने से अचार का स्वाद बना रहता है और राजनीति में उलट-पलट करते रहने से आदमी चर्चा में बना रहता है। देखते नहीं एक पार्टी की सरकार यदि किसी राज्य में अधिक दिनों तक रह जाती है तो जनता सरकार को बदल देती है।

पलटना और घसकना तो आदमी की स्वाभाविक प्रक्रिया है। जब बच्चा जन्म लेता है तो सबसे पहले वह घसकता है और फिर पलटता है, घसकने और पलटने की प्रक्रिया से बच्चे का शारीरिक विकास होता है और राजनीति में पलटने का गुण आ जाने से नए अवसर का जन्म होता है और सत्ता उसके इर्द-गिर्द घूमती रहती है और यदि किसी नीति के तहत राष्ट्रहित में यू टर्न लिया गया है तो वंदनीय है और यदि कुर्सी हित में है तो निंदनीय है।

## नॉलेज कॉर्नर: सरकार की नीतियों के खिलाफ सड़क पर फ्रांस के कृषक

# किसानों के विरोध की दुनियाभर में चर्चा

फ्रांस के किसानों का विरोध प्रदर्शन पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बना हुआ है। सैकड़ों किसान सरकार की नीतियों के खिलाफ सड़क पर उतर आए हैं। प्रदर्शनकारियों ने ट्रैक्टरों से चक्का जाम किया हुआ है। सरकारी कार्यालयों के बाहर बदबूदार कृषि कचरा भी फेंककर विरोध दर्ज कराया जा रहा है। फ्रांस यूरोपीय संघ का सबसे बड़ा कृषि उत्पादक है और फ्रांसीसी किसानों का विरोध जर्मनी, पोलैंड और रोमानिया जैसे बाकी यूरोपीय देशों में भी फैल रहा है। सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे किसानों की मुख्य मांग बेहतर वेतन की है। आज के नॉलेज कॉर्नर में विस्तार से जानते हैं फ्रांस में किसान विरोध के बारे में...

### कृषि डीजल पर सब्सिडी

बीते दिनों सरकार ने कृषि क्षेत्र में पर्यायवरण अनुकूल नीतियों को तरजीह दी है। इनमें से एक है ईंधन को कम करने की योजना। इसके तहत सरकार डीजल ईंधन पर किसानों को मिलने वाली सब्सिडी को धीरे-धीरे समाप्त करने की योजना बना रही है। जर्मनी और फ्रांस में इस फैसले का कड़ा विरोध हो रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, जर्मनी में कृषि डीजल पर किसानों को मिलने वाली सब्सिडी इस साल 40% कम कर दी जाएगी। इसके बाद 2025 में सब्सिडी 30% कम कर दी जाएगी और 2026 से समाप्त हो जाएगी। गौर करने वाली बात है कि अगर सब्सिडी खत्म होती है, तो किसानों की आय और कम हो जाएगी।



### उपज में आई गिरावट

फ्रांस और कुछ यरोपियन यूनियन के देशों में बायोडायवर्सिटी को बरकरार रखने के लिए किसानों से उनकी उपजाऊं जमीन के कुछ हिस्सा पर खेती ना करने के लिए कहा जा रहा है। इन देशों में कृषि योग्य भूमि का 4% हिस्सा गैर-उत्पादक सुविधाओं जैसे हेजेज, ग्रोव्स और फैलो लैंड को समर्पित करना जरूरी है। इस तरह के नियमों से किसानों की उपज में गिरावट आई है। डेयरी किसानों की शिकायत है कि सरकार महंगाई को काबू करने पर जोर दे रही, जिससे उन्हें घाटा हो रहा है। इससे किसान अपने पैदावार की उच्च लागत को कवर करने में असमर्थ हो रहे हैं।

### कुछ मांगों को सरकार की मंजूरी

*फ्रांसीसी सरकार ने किसानों की कुछ मांगों को मंजूरी दी है। सरकार ने कृषि डीजल पर राज्य सब्सिडी को धीरे-धीरे कम करने की योजना छोड़ दी है। किसानों के सामने आने वाले वित्तीय और प्रशासनिक दबाव को कम करने के उद्देश्य से भी कई कदमों की घोषणा की जा चुकी है।*

*कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन*



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
बजट सत्र की शुरुआत राष्ट्रपति जी के व्यापक और व्यावहारिक संबोधन के साथ हुई, जिसमें 140 करोड़ भारतीयों की सामूहिक ताकत पर प्रकाश डाला गया, जो हमारे देश द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों की श्रृंखला में देखा गया है।



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
कल पूर्णिया में जवाहर नवोदय विद्यालय जाकर पापा की याद आ गई। नवोदय विद्यालय विकसित भारत के उनके विजन का एक अहम हिस्सा था।



**अखिलेश यादव,** राष्ट्रीय अध्यक्ष, सपा
@yadavakhilesh
उप्र के बलिया में 'मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना' के तहत भाजपाई भ्रष्टाचार की अजीब धांधली सामने आई है, जहां पैसे का लालच देकर युवाओं को झूठ-मूठ का दूल्हा बनाया गया। ये प्रदेश की लड़कियों के साथ धोखा है।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा: राहुल गांधी की कार का शीशा टूटने पर सियासी वार-पलटवार

# ममता व अधीर में हुई जुबानी जंग... मामला ब्रेक लगाने का निकला

**एजेंसी** | पटना/कोलकाता

कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा ने बुधवार को फिर पश्चिम बंगाल में प्रवेश किया। लेकिन इस बीच उनकी कार का एक सीसा टूटने को लेकर बंगाल प्रदेश कांग्रेस अधीर रंजन चौधरी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच जुबानी जंग हो गई।

चौधरी ने आरोप लगाया है कि मालदा के हरिश्चंद्रपुर इलाके में अज्ञात लोगों ने राहुल गांधी के काफिले पर पथराव किया जिससे उस कार की पिछली खिड़की का शीशा टूट गया जिसमें राहुल सफर कर रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे हमले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।इसके बाद सीएम ममता बनर्जी ने दावा किया कि ये घटना पड़ोसी राज्य बिहार के कटिहार इलाके में हुई है। उन्होंने इस घटना की निंदा की और कहा कि जब इस गाड़ी ने राज्य में प्रवेश किया, तब उसका पिछला शीशा पहले से टूटा हुआ था। कांग्रेस के आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में कहा गया कि पश्चिम बंगाल के मालदा में राहुल जी से मिलने अपार जनसमूह आया था। इस भीड़ में एक महिला राहुल जी से मिलने अचानक उनकी कार के आगे आ गई, इस वजह से अचानक ब्रेक लगाए गए। तभी सुरक्षा घेरे में इस्तेमाल किए जाने वाले रस्से से कार का पिछला शीशा टूट गया। जनता के नेता राहुल गांधी लोगों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं। जनता उनके साथ है, जनता उन्हें सुरक्षित रख रही है। ज्ञात रहे कि राहुल ने कटिटार में लोगों से बातचीत भी की।



### कांग्रेस की सफाई: अचानक ब्रेक लगाने से टूटी विंडशील्ड

इसके कुछ देर बाद कांग्रेस की सोशल मीडिया प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने घटना को लेकर स्पष्टीकरण दिया। श्रीनेत ने मीडिया मंच एक्स पर कहा, राहुल गांधी पर हमले की खबर गलत है। जब एक महिला राहुल से मिलने के लिए एकदम से आगे आ गईं, तब कार को अचानक रोकना पड़ा। इससे सुरक्षा घेरे में इस्तेमाल किए जाने वाली रस्से से कार की विंडशील्ड टूट गई। उन्होंने आगे कहा, राहुल जी न्याय की लड़ाई मुस्तैदी से लड़ रहे हैं और यह देश ना सर्फ उनके साथ खड़ा है बल्कि उनको सुरक्षित भी रखे रहेगा।

### प. बंगाल: सीटों के बंटवारे पर नहीं सुलझ पा रही है गुत्थी

कोलकाता। लोकसभा चुनाव को लेकर विपक्षी गठबंधन इंडिया सीटों के बंटवारे को लेकर कई राज्यों में गुत्थी नहीं सुलझा पा रहा है। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस के बीच माकपा को लेकर पेच फंसा हुआ है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी माकपा के लिए कोई सीट नहीं छोड़ना चाहती हैं। कांग्रेस के सूत्रों ने कहा है कि तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे पर बातचीत फिलहाल रोक दी गई है। लेकिन उसने तृणमूल कांग्रेस के विपक्षी गठबंधन से बाहर निकलने की अटकलों पर कांग्रेस ने खारिज किया है। सूत्रों का कहना है कि दोनों पक्ष सीटों के बंटवारे के फॉर्मूले पर मंथन कर रहे हैं। ममता अपने रुख पर अड़ी हुई हैं।

### BJP को हराने वाले प्रत्याशी को टिकट देंगे: अखिलेश



**मैनपुरी**। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी गठबंधन के साथ मिलकर भाजपा का सफाया करेंगे। गठबंधन के साथ सीटों का बंटवारा अच्छी तरह से होगा। भाजपा को हराने वाले प्रत्याशी को ही टिकट मिलेगी। अखिलेश यादव ने यहां कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव देश का संविधान बचाने के लिए लड़ा जाएगा। भाजपा को हराने के लिए कांग्रेस और सभी दलों के साथ आईएनडीआई गठबंधन तथा पीडीए महत्वपूर्ण काम करेगा। अखिलेश ने कहा इस समय प्रदेश में भू माफियाओं की सरकार चल रही है। शायद ही कोई जिला बचा हो, जहां भाजपा के भू माफिया जमीनों पर कब्जा न कर रहे हों।

### अग्निपथ योजना के खिलाफ जय जवान अभियान

**नई दिल्ली**। कांग्रेस ने सेना में भर्ती की नई योजना अग्निपथ के खिलाफ जागरुकता पैदा करने के लिए से बुधवार को जय जवान अभियान शुरू किया। पार्टी का यह आग्रह भी है कि वर्ष 2019-22 के दौरान थलसेना, नौसेना और वायुसेना में चयनित करीब डेढ़ लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र देकर उनकी भर्ती सुनिश्चित की जाए। कांग्रेस मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने संवाददाताओं से कहा कि जंग तो हथियारों से लड़ी जाती है, लेकिन जीती हौसलों से जाती है। अग्निपथ योजना सेना के मनोबल को गिरा रही है, लाखों जवानों के सपनों पर हमला कर रही है। आप घर-गाड़ी किराए पर ले सकते हैं, लेकिन फौजी को किराए पर नहीं ले सकते। उन्होंने सवाल किया कि अगर सीमा पर खड़े जवान को ये विश्वास नहीं होगा कि उसके बाद उसके परिवार का क्या होगा? फिर वो कैसे लड़ेगा?

## संसद बजट सत्र: अभिभाषण में गिनाई सरकार की उपलब्धियां

# सदियों बाद राम मंदिर के निर्माण की आकांक्षा हुई पूरी: राष्ट्रपति

**एजेंसी** | नई दिल्ली

संसद का बजट सत्र बुधवार को शुरू हुआ। सत्र की शुरुआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के साथ हुई। यह नए संसद भवन में उनका पहला संबोधन था। मोदी सरकार के 10 साल के कामकाज का हिसाब देते हुए उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अमृतकाल की शुरुआत में यह भवन बना है, यहां एक भारत, श्रेष्ठ भारत की महक भी है। मुझे पूरा विश्वास है कि इस नए भवन में नीतियों पर सार्थक संवाद होगा। ऐसी नीतियां जो आज़ादी के अमृत काल में विकसित भारत का निर्माण करेंगी। राष्ट्रपति ने लगभग 74 मिनट के संबोधन में सरकार के विजन और देश में बीते 10 साल की अवधि में हुए कामकाज का विस्तार से जिक्र किया।

उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर का जिक्र करते हुए कहा, राम मंदिर के निर्माण की आकांक्षा सदियों से थी जो अब पूरी हुई है। इस पर सदन में मौजूद सदस्यों ने मेज थपथपाकर बयान का स्वागत किया। राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में देश की रक्षा, विदेश और आर्थिक नीतियों का भी जिक्र किया। उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का जिक्र करते हुए कहा, सरकार विधायिका में आधी आबादी का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए संकल्पबद्ध है। जम्मू-कश्मीर, महिला आरक्षण और आर्थिक नीतियों पर भी बातें



राष्ट्रपति मुर्मू ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी किए जाने, औपनिवेशिक आपराधिक कानूनों के स्थान पर नए कानून बनाए जाने, नारी वंदन अधिनियम और सरकार के कई अन्य कदमों का उल्लेख किया।

उन्होंने ने कहा कि दुनिया भर में गंभीर संकटों के बीच भारत सबसे तेजी से विकसित हो रही अर्थव्यवस्था है और लगातार पिछली दो तिमाही में देश की विकास दर साढ़े सात प्रतिशत रही।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत ने बीते एक दशक के दौरान वैश्विक विवादों और संघर्षों के इस दौर में भी, अपने हितों को मजबूती से दुनिया के सामने रखा है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 में आजादी की 100वीं वर्षगांठ को देखने के लिए अनेक साथी इस सदन में मौजूद नहीं होंगे, लेकिन हमारी विरासत ऐसी होनी चाहिए कि तब की पीढ़ी हमें याद करे।

### 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि हम सभी बचपन से गरीबी हटाओ के नारे सुनते आ रहे हैं, लेकिन अब हम बड़े पैमाने पर गरीबी को दूर होते देख रहे हैं। नीति आयोग के अनुसार इस सरकार के एक दशक के कार्यकाल में लगभग 25 करोड़ देशवासी गरीबी से बाहर निकले हैं।

### धन्यवाद प्रस्ताव कल होगा पेश

अब राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव दो फरवरी को पेश किया जाएगा। दो फरवरी से दोनों सदनों में चर्चा शुरू होगी। सात फरवरी को प्रधानमंत्री धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देंगे। इससे पहले एक फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला अंतरिम या लेखा अनुदान बजट लोकसभा में पेश करेंगी।

### सांसदों के लिए पश्चाताप का मौका: मोदी

संसद के बजट सत्र से पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने हंगामा करने वाले सांसदों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये सत्र संसद में लोकतंत्र का चीरहरण करने वाले सांसदों के लिए पश्चाताप करने का मौका है। विपक्ष आत्म चिंतन करें, जिन्होंने 10 साल के दौरान हंगामा और शोरगुल किया होगा, उनको कोई याद नहीं करेगा, लेकिन जिन्होंने अपने विचारों से सदन में सार्थक चर्चा में संवाद किया होगा, उनको हर कोई याद करेगा। यह सत्र चुनाव से पहले का अंतरिम बजट सत्र है, इसके बाद चुनाव होगा। हम परंपरा के मुताबिक इस बार अंतरिम बजट को पेश कर रहे हैं। चुनाव के बाद हम पूर्ण बजट पेश करेंगे। सबको मेरी राम-राम।

**9 फरवरी तक चलेगा संसद सत्र:** गौरतलब है कि मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का ये आख़िरी बजट है। ये सत्र दस दिनों का होगा, जो 9 फरवरी तक चलेगा। सत्र में कुल आठ बैठकें प्रस्तावित हैं।

## केरल में जनाधार बढ़ाने की जुगत

# पीसी जॉर्ज की पार्टी केरल जनपक्षम (एस) का भाजपा में विलय



**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा दक्षिण भारत में अपनी मजबूती के लिए सियासी कदम उठाने में जुटी है। इसके तहत एक अहम घटनाक्रम में केरल जनपक्षम (सेक्युलर) के प्रमुख पीसी जॉर्ज ने बुधवार को अपनी पार्टी का भाजपा में विलय कर दिया। केरल के राजनीतिक मामलों के भाजपा प्रभारी प्रकाश जावड़ेकर और अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में जॉर्ज अपने बेटे शॉन और केरल जनपक्षम (सेक्युलर) के अन्य नेताओं के साथ भाजपा में शामिल हुए।

भाजपा का केरल में बड़ा जनाधार नहीं है और पार्टी वहां अपनी सियासी जड़ें मजबूत करने के लिए ईसाई समुदाय के करीब जाने के लिए भी अभियान चला रही है। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव अनिल एंटनी ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, पी सी जॉर्ज के नेतृत्व वाला केरल जनपक्षम (सेक्युलर) भाजपा में विलय कर रहा है और हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक भारत को 'विकसित भारत' में बदलने के दृष्टिकोण में पूरा भरोसा दिखा रहा है।

भाजपा में जॉर्ज का स्वागत करते हुए एंटनी ने कहा, जनपक्षम का विलय केरल में एक ऐतिहासिक शुरुआत होगी जहां भाजपा अधिक से अधिक बढ़ेगी और भारत को एक विकसित देश में बदलने के प्रधानमंत्री के अभियान में योगदान देगी।

इनके अलावा केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने पीसी जॉर्ज का स्वागत करते हुए कहा, उन्हें पीएम मोदी पर भरोसा है, इसलिए उन्होंने अपनी पार्टी का विलय भाजपा में किया है।

## सीएजी की रिपोर्ट के हवाले से भाजपा ने लगाया आरोप

# ममता सरकार में 2 लाख करोड़ का घोटाला

**एजेंसी** | नई दिल्ली

नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट को आधार बनाते हुए भाजपा ने पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार का गंभीर आरोप लगाया है।

भाजपा के बंगाल प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने रिपोर्ट का हवाला देते हुए दावा किया कि ममता सरकार ने वर्ष 2018 से 2021 के बीच सरकारी परियोजनाओं पर जो पैसा खर्च हुआ बताया है, उसका उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं दिया है। नए खाते खोलकर भी जनता का पैसा



लूटने का प्रयास हुआ है। इस तरह कैग की रिपोर्ट में दो लाख करोड़ रुपए से अधिक की वित्तीय अनियमितताएं सामने आई हैं। भाजपा मुख्यालय में बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में सुकांत मजूमदार ने कहा कि सीएजी ने पश्चिम बंगाल की वर्ष 2021 की रिपोर्ट संसद में पेश की है।

इसमें दो लाख करोड़ रुपए की वित्तीय अनियमितता और संभावित घोटाले पर प्रकाश डाला गया है। उन्होंने कहा कि सरकारी पैसे से होने वाले काम का नियम है कि कोई भी प्रोजेक्ट पूरा होने के एक साल के अंदर उपयोगिता प्रमाण पत्र देना होता है।

ऐसे दो लाख 40 हजार प्रमाण पत्र टीएमसी सरकार ने नहीं दिए हैं। इस तरह 1.95 लाख करोड़ रुपए खर्च हो गए, लेकिन हिसाब नहीं है। वहीं भाजपावक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि ममता बनर्जी मां, माटी, मानुष की बात करती है और उसी प्रदेश से सबसे बड़ा भ्रष्टाचार सामने आया है।

2 जी घोटाला भी 1 लाख 76 हजार करोड़ का था, लेकिन ममता बनर्जी सरकार का घोटाला 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक का है। उन्होंने कहा कि इस देश में दो विचारधाराओं के बीच लड़ाई चल रही है।

एक तरफ ईमानदारी से काम कर रही केंद्र सरकार है, तो दूसरी तरफ कैग रिपोर्ट स्पष्ट कर देती है कि इंडी गठबंधन (विपक्षी गठबंधन 'इंडिया') के लोग विपरीत धारा में है।

### नेपाली प्रतिनिधियों की बिरला से मुलाकात



*नई दिल्ली। नेपाल के एक संसदीय प्रतिनिधमंडल ने बुधवार को नई दिल्ली में लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की और विभिन्न मसलों पर चर्चा की।*

## अंतरिम बजट में होगा चुनावी राग!

# किसानों-महिलाओं के लिए अहम घोषणाएं संभव, सियासी गणित पर नजर

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्र की भाजपा नीत सरकार द्वारा गुरुवार को पेश किए जाने वाले अंतरिम बजट में अगामी लोकसभा चुनावों की छाया नजर आ सकती है। इसमें कई सियासी संदेश छिपे हो सकते हैं।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि सरकार की नजर एक बड़े वोट बैंक पर रह सकती है जिसमें महिलाएं, किसान व वेतनभोगी लोग अहम हैं। उम्मीद है कि सरकार इस कार्यकाल के इस आखिरी बजट में करदाताओं, किसानों, सरकारी कर्मचारियों को लुभाने के लिए कुछ लोकलुभावन घोषणाएं कर सकती है। इसके साथ ही विकास की रफ्तार को गति देने, साथ ही आधारभूत ढांचे की मजबूती के लिए पूंजीगत खर्च के लिए सरकार ज्यादा पैसे का प्रावधान कर सकती है। सरकार ने 2019 में आम चुनाव से पहले पेश अंतरिम बजट में मध्यम वर्ग, किसानों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों-को लक्षित किया था। कुल मिलाकर ये लगभग 75 करोड़ मतदाता हैं। ऐसी संभावना है कि सरकार इस बार भी इन मतदाताओं का खास ध्यान रखेगी।

जानकारों के अनुसार अंतरिम बजट के आधार पर नई सरकार को पूर्ण बजट पेश करने में आसानी मिलती है। इस बजट में सरकार कई नए ऐलान कर सकती हैं। साल 2019 में जब मोदी सरकार ने अंतरिम बजट पेश किया था, उसी समय पीएम किसान किसान सम्मान निधि योजना की भी शुरुआत की गई थी। जिसे उस समय मोदी सरकार का बड़ा दांव माना गया था। इस योजना के तहत देश के किसानों को आर्थिक सहायता के रूप में सालाना 6000 रुपए दिए जाते हैं।

इस बार के अंतरिम बजट में महिलाओं के लिए भी बजट का आकार बढ़ाया जा सकता है। खासकर कृषि क्षेत्र में तो महिलाओं के लिए भारी भरकम ऐलान किए जाने की उम्मीद है।



### किसान निधि की राशि बढ़ाकर की जा सकती है 9000 रुपए

2022 तक मोदी सरकार ने किसानों की आय दोगुना करने का वादा किया था जो अब तक अधूरा है. ऐसे में किसानों को राहत देने के लिए सरकार पीएम किसान योजना के तहत 6000 रुपए सालाना दिए जाने वाले रकम को बढ़ाकर 9000 रुपए करने की घोषणा कर सकती है। कोरोना काल के दौरान ग्रामीण इलाकों में रोजगार देने वाला सबसे कारगर साबित हुआ था। माना जा रहा है कि केंद्र सरकार शहरी इलाकों में बेरोजगारी की समस्या को दूर करने के लिए शहरी मनरेगा जैसी योजना शुरू कर सकती है।

### करदाताओं को बड़ी राहत संभव

अगामी चुनावों के मद्देनजर मोदी सरकार की नजर वेतनभोगी वर्ग से लेकर किसानों व महिलाएं सभी पर रहने की उम्मीद है। वेतनभोगी वर्ग और महिलाएं बीते एक साल से महंगाई से परेशान हैं। ऐसे में ये उम्मीद की जा रही है कि निर्मला सीतारमण महंगाई से राहत देने के लिए टैक्स के मोर्चे पर करदाताओं को बड़ी राहत दे सकती हैं। उम्मीद है कि अंतरिम बजट में स्टैंडर्ड डिडक्शन की सीमा को मौजूदा 50,000 रुपए से बढ़ाकर 75,000 रुपए किया जा सकता है। साथ ही नए टैक्स रिजिम के तहत फिलहाल 7 लाख रुपए तक की आय पर इनकम टैक्स नहीं देना होता है। इस सीमा को बढ़ाकर 7.50 लाख रुपए किया जा सकता है।

## बेस्ट मार्चिंग दस्ते व झांकियों को किया पुरस्कृत




**नई दिल्ली।** रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में गणतंत्र दिवस परेड के लिए बेस्ट मार्चिंग टुकड़ी और झांकी के पुरस्कार प्रदान किए। चित्र में अलग अलग वर्ग के विजेतओं को पुरस्कृत करते भट्ट। ओडिशा में महिला सशक्तीकरण के साथ ही राज्य के समृद्ध हस्तशिल्प और हथकरघा क्षेत्र को प्रदर्शित करने वाली राज्य की रंग-बिरंगी झांकी को पहला पुरस्कार मिला है।

## जरूरी खबर

### मणिशंकर को मिला घर खाली करने का नोटिस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर और उनकी बेटी सुरन्या अय्यर को घर खाली करने का नोटिस मिला है। अय्यर की बेटी सुरन्या अय्यर ने अयोध्या के राम मंदिर में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठाके विरोध में 3 दिन का व्रत रखा था। साथ ही सनातन धर्म के खिलाफ सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखी थी। उन्हें दिल्ली के जंगपुरा स्थित घर खाली करने का नोटिस भेजा है। नोटिस में कहा गया है कि सुरन्या अय्यर 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह की निंदा करने वाली सोशल मीडिया पोस्ट के लिए या तो सार्वजनिक माफी मांगे या घर खाली करें।

### बीपीएल धोखाधड़ी मामले में 9 जगहों पर छापेमारी

**नई दिल्ली।** भारत पेपर्स लिमिटेड द्वारा बैंको के साथ 200 करोड़ रुपए की कथित धोखाधड़ी के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने जम्मू कश्मीर ,पंजाब और उत्तर प्रदेश में 9 जगहों पर छापेमारी की है। कंपनी के खिलाफ प्राथमिक आरोप यह है कि इसके निदेशकों ने कई बैंको के साथ लगभग 200 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी को अंजाम दिया। फर्जी कागजात के जरिए बैंको से लिए लोन को कहीं और डायवर्ट किया गया है।

### ईडी ने केजरीवाल को भेजा पांचवां समन, कल बुलाया



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली शराब घोटाला केस में एक बार फिर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ने समन जारी किया है। केजरीवाल को 5वीं बार समन जारी किया गया है। ईडी ने उन्हें 2 फरवरी को पूछताछ में शामिल होने को कहा है। इससे पहले चारों बार केजरीवाल जांच एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए थे। गौरतलब है कि कथित दिल्ली शराब घोटाला 2021-22 में आबकारी नीति से संबंधित है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने इसे लागू किए जाने के संबंध में सीबीआई जांच की सिफारिश की थी जिसके तुरंत बाद 2022 में आप सरकार ने इसे रद्द कर दिया था। इस मामले में मनीष सिसोदिया और संजय सिंह फिलहाल जेल में हैं।

## जैकलीन ने सच्चाई का नहीं किया खुलासा



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने हाई कोर्ट को बताया कि 200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज जानबूझकर कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर के अपराध की आय के कब्जे और उपयोग में शामिल हुई थीं। ईडी ने हाई कोर्ट के समक्ष जैकलीन द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी को रद्द करने की मांग पर आपत्ति जताते हुए यह बात कही है। ईडी ने यह दलील जैकलीन की याचिका के जवाब में दायर एक हलफनामे में दी है, जिसमें कथित तौर पर चंद्रशेखर से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनके खिलाफ एफआईआर को रद्द करने की मांग की गई थी। ईडी ने दावा किया कि जैकलीन ने कभी भी चंद्रशेखर के साथ वित्तीय लेनदेन के बारे में सच्चाई का खुलासा नहीं किया और सबूत मिलने तक हमेशा तथ्यों को छुपाया।

## प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली से निपटने के लिए विधेयक की तैयारी

# 10 साल की जेल व एक करोड़ के जुर्माने का हो सकता है प्रावधान

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्र सरकार अगले हफ्ते संसद में प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली से सख्ती से निपटने के लिए एक नया विधेयक पेश कर सकती है। प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी करने वाले दोषियों को अधिकतम 10 साल की जेल और एक करोड़ रुपए तक का जुर्माना लगाने की तैयारी है। सोमवार को सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक, 2024 को पेश किया जा सकता है। हालांकि इस पर अंतिम फैसला होना बाकी है। गौरतलब है कि इस बिल को हाल ही में केंद्रीय कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है।

बिल से जुड़े सूत्रों की मानें तो प्रस्तावित कानून के निशाने पर वे लोग होंगे, जो प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली करते हैं। यह बिल अनिवार्य रूप से संगठित अपराध, माफिया तत्वों और उनके साथ सरकारी अधिकारियों सहित मिलीभगत में पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेगा।



विधेयक में एक उच्च स्तरीय तकनीकी समिति का भी प्रस्ताव है, जो कम्प्यूटरीकृत परीक्षा प्रक्रिया को और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए सिफारिशें देगी। गौरतलब है कि यह संयुक्त प्रवेश परीक्षा और केंद्रीय विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए परीक्षाओं सहित प्रतियोगी परीक्षाओं की भी निगरानी करेगा।

बजट सत्र की शुरूआत में संसद की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि सरकार परीक्षाओं में धांधली के संबंध में युवाओं की चिंताओं से अवगत हैं।

इसलिए इस तरह की समस्याओं से सख्ती से निपटने के लिए एक नया कानून बनाने का फैसला लिया गया है। सूत्रों की मानें तो परीक्षा पेपर लीक एक राष्ट्रव्यापी समस्या के तौर पर उभरी है। इसलिए केंद्रीय कानून की जरूरत महसूस की गई है। गुजरात जैसे कुछ राज्यों ने इस खतरे से निपटने के लिए कानून बनाए हुए हैं। गौरतलब है कि राजस्थान में शिक्षक भर्ती परीक्षा, हरियाणा में ग्रुप-डी पदों के लिए सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी), गुजरात में कनिष्ठ क्लर्कों के लिए भर्ती परीक्षा और बिहार में कांस्टेबल भर्ती परीक्षा सहित अन्य परीक्षाएं पिछले साल प्रश्नपत्र लीक होने के बाद रद्द कर दी गई थीं।

### देश में डिजिटल पेमेंट का बढ़ा दायरा, एक साल में 10.94 प्रतिशत की वृद्धि

मुंबई। देश में डिजिटल भुगतान में सितंबर 2023 से पहले के एक साल में 10.94 प्रतिशत की वृद्धि रही है। ऑनलाइन लेनदेन मापने वाले आरबीआई सूचकांक से यह जानकारी सामने आई है। आरबीआई का डिजिटल भुगतान सूचकांक सितंबर 2023 के अंत में 418.77 पर था, जबकि सितंबर 2022 में यह 377.46 था। वहीं, मार्च 2023 में यह सूचकांक 395.57 पर था। आरबीआई ने कहा कि सूचकांक सभी मापदंड़ों में बढ़ा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को अपने बयान में कहा, आरबीआई-डीपीआई इंडेक्स सभी मापदंडों में बढ़ा है। आरबीआई ने बताया कि विशेष रूप से देश भर में भुगतान में वृद्धि दर्ज की गई है। बता दें कि केंद्रीय बैंक ने पूरे देश में भुगतान के डिजिटलीकरण की सीमा को आंकने के लिए आधार के रूप में मार्च 2018 में एक समग्र सूचकांक के गठन की घोषणा की थी। इसके तहत पांच व्यापक मापक शामिल किए गए हैं, जो अलग-अलग समय में देश में डिजिटल भुगतान के बारे में पता लगाता है। ये रिपोर्ट मार्च 2021 के बाद से प्रकाशित किए जाते हैं। ये चार महीने देर से मार्च 2021 से अर्ध-वार्षिक आधार पर जारी किया जाता है।

## मद्रास हाई कोर्ट: सरकार को निर्देश

# गैर-हिंदुओं को ध्वज स्तंभ से आगे प्रवेश नहीं

■ मंदिर को पर्यटक स्थल ना समझा जाए

**एजेंसी** | चेन्नई



मद्रास हाईकोर्ट ने मंगलवार को तमिलनाडु के मंदिरों में गैर-हिंदुओं के प्रवेश को लेकर निर्देश दिए। हाईकोर्ट ने कहा है कि राज्य सरकार सभी हिंदू मंदिरों में एक विशेष बोर्ड लगाए। जिस पर लिखा हो कि गैर-हिन्दुओं को मंदिरों के 'कोडिमारम' (ध्वजस्तंभ) क्षेत्र से आगे जाने की अनुमति नहीं है। अदालत ने सुनवाई के दौरान कहा कि हिंदुओं को भी अपने धर्म को मानने और उसका पालन करने का अधिकार है। मंदिर को पर्यटक स्थल ना समझा जाए। मंदिर में पूजा अर्चना के अलावा और कुछ होना सही नहीं है। हाई कोर्ट ने डी. सेथिंल की एक याचिका पर सुनवाई के दौरान यह निर्देश दिए। कोर्ट की मदुरै पीठ की न्यायाधीश एस श्रीमति ने डी. सेंथिल की एक याचिका पर सुनवाई के दौरान यह निर्देश दिए। ज्ञात रहे कि याचिकाकर्ता सेंथिल कुमार ने प्रतिवादियों को अरुल्मिगु पलानी धनदायुतपानी स्वामी मंदिर और उसके उप मंदिरों में सिर्फ हिंदुओं को जाने की अनुमति का निर्देश देना का अनुरोध किया था।

### मंदिर में हिंदू धर्म के रीति-रिवाजों का पालन जरूरी

अदालत ने निर्देश दिया कि मंदिर में उन गैर-हिंदुओं को मंदिर में प्रवेश की इजाजत न दें जो, हिंदू धर्म में विश्वास नहीं रखते हैं। अगर कोई गैर-हिंदू मंदिर में विशेष भगवान के दर्शन का दावा करता है, तो उत्तरदाताओं को उस शख्स से वचन लेना होगा कि उसका दर्शन करने वाले भगवान में विश्वास है और वह हिंदू धर्म के रीति-रिवाजों, मंदिर के रीति-रिवाजों और प्रथाओं का पालन करेगा, यह वचन लेने के बाद ही उस गैर-हिंदू को मंदिर में जाने की अनुमति दी जा सकती है। वहीं, कोर्ट ने कहा कि जब भी ऐसे व्यक्ति को अनुमति दी जाए तो उसकी डिटेल मंदिर के रजिस्टर में दर्ज की जाए।

# अब सस्ते होंगे मोबाइल फोन

**एजेंसी** | नई दिल्ली

### मोबाइल पार्ट्स पर आयात शुल्क घटाया

अंतरिम बजट से ठीक एक दिन पहले केंद्र की मोदी सरकार मोबाइल फोन इंडस्ट्री को बड़ी सौगात दी है। इसके तहत सरकार ने मोबाइल पार्ट्स पर आयात शुल्क 15 फीसदी से घटाकर 10 फीसदी कर दिया गया है। इससे देश में मोबाइल फोन का निर्माण सस्ता हो जाएगा और लोगों को सस्ते फोन मिल पाएंगे। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने आयात शुल्क में कटौती का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

इसके तहत मोबाइल मैन्यूफैक्चरिंग से जुड़े बैट्री कवर, मेन लेंस, बैक कवर, एंटिना, सिम सौकेट व अन्य मैकेनिकल आइटम समेत अन्य कई उपकरणों पर आयात शुल्क घटाया गया है। वर्तमान में भारत में बिकने वाले 98 प्रतिशत फोन घरेलू निर्मित हैं। भारत में एक अरब से अधिक लोग फोन का इस्तेमाल करते हैं। मोबाइल फोन निर्माण व निर्यात के प्रोत्साहन के लिए सरकार ने वर्ष 2020 में प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव की घोषणा की थी जिसके बाद से मोबाइल फोन का निर्यात लगातार बढ़ रहा है। पिछले वित्त वर्ष में भारत ने 13.9 अरब डॉलर के फोन का निर्यात किया था।

# 32 हफ्ते का है भ्रूण, नहीं कर सकते समाप्त

**एजेंसी** | नई दिल्ली

### सुप्रीम कोर्ट: महिला की याचिका खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को 26 वर्षीय महिला को 32 हफ्ते से अधिक के गर्भ को समाप्त करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि मेडिकल बोर्ड ने माना है कि भ्रूण में कोई असामान्यता नहीं है। बता दें कि महिला ने पिछले साल अक्टूबर में अपने पति को खो दिया था और 31 अक्टूबर को उसे अपनी गर्भावस्था के बारे में पता चला।



महिला की ओर से पेश वकील अमित मिश्रा ने कहा कि अगर वह बच्चे को जन्म देगी तो यह उसकी इच्छा के खिलाफ होगा और उसे जीवन भर यह सदमा झेलना होगा।

न्यायाधीश बेला एम त्रिवेदी और न्यायाधीश प्रसन्ना भालचंद्र वरले की पीठ फैसला सुनाते हुए कहा, यह 32 सप्ताह का भ्रूण है। इसे कैसे समाप्त किया जा सकता है? मेडिकल बोर्ड ने भी कहा है कि इसे समाप्त नहीं किया जा सकता है। पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय ने प्रत्येक बिंदु पर विचार किया है, जिसमें मेडिकल बोर्ड की राय भी शामिल है। न्यायाधीश त्रिवेदी ने कहा, मेडिकल बोर्ड ने राय दी है कि इसमें कोई असामान्यता नहीं है और यह एक सामान्य भ्रूण है। इसमें यह भी कहा गया है कि याचिकाकर्ता के लिए भी कोई खतरा नहीं है, अगर वह गर्भावस्था जारी रखती है।

## चीन बाज नहीं आ रहा अपनी हरकतों से

# एलएसी के पास भेड़ चराने से रोका तो चीनी सैनिकों से भिड़ गए चरवाहे

**एजेंसी** | नई दिल्ली

चीनी सैनिक वास्तविक नियंत्रण रेखा(एलएसी) पर अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। इस बार उन्होंने लद्दाख में सीमा के निकट भारतीय चरवाहों को भेड़ चराने से रोका। इस दौरान चरवाहों की चीनी सैनिकों संग बहस हो गई। जिसके बाद चरवाहों ने बहुत ही बहादुरी से इन सैनिकों का सामना किया और दो टूक कह दिया कि वह भारतीय क्षेत्र में हैं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार यह घटना लद्दाख के न्योमा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत काकजंग में पेट्रोलिंग पॉइंट (पीपी) 35 और 36 के पास हुई। न्योमा के पार्षद इशी स्पालजैंग ने एक अखबार को बताया कि विवादित क्षेत्र वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के बारे में भारत की धारणा के अनुरूप है। एक न्यूज चैनल की रिपोर्ट के अनुसार जब चरवाहे ड्रैगन से भिड़ रहे थे, तभी भारतीय सैनिकों ने पहुंचकर उनकी मदद की। हालांकि, दोनों तरफ से किसी तरह की हिंसा नहीं हुई और झगड़ टल गया लेकिन चीनी सैनिकों से चरवाहों के भिड़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। लोग चरवाहों के बहादुरी पर गर्व कर रहे हैं। चुशूल के पार्षद कोंचोक स्टैनजिन ने स्थानीय चरवाहों की सराहना की और उनका समर्थन करने के लिए भारतीय सेना की भी तारीफ की। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पूर्वी लद्दाख के सीमावर्ती क्षेत्रों में पैंगोंग के उत्तरी तट पर चरवाहों, खानाबदोशों को अपने अधिकारों का दावा करने की सुविधा देने में@फायरफ्यूरीकॉर्प्स_आईए द्वारा किए गए पॉजिटिव इंप्रैक्ट देखना खुशी की बात है। मैं ऐसे मजबूत नागरिक-सैन्य संबंधों और सीमावर्ती क्षेत्र की आबादी के हितों की देखभाल के लिए भारतीय सेना को धन्यवाद देना चाहता हूं। एक अन्य पोस्ट में, पार्षद कोंचोक स्टैनजिन ने घटना का इंस्टाग्राम वीडियो का एक लिंक शेयर किया, इस वीडियो को जनवरी की शुरुआत का बताया जा रहा है। ज्ञात रहे कि गलवान में साल 2020 में सैनिकों के बीच हुए संघर्ष के बाद से स्थानीय चरवाहों ने इस क्षेत्र में जानवरों को चराना बंद कर दिया था।



### स्थानीय लोगों की बहादुरी को सलाम

स्टैनजिन ने लिखा कि देखिए कैसे हमारे स्थानीय लोग चीनी सैनिकों के सामने अपनी बहादुरी दिखा रहे हैं और दावा कर रहे हैं कि जिस क्षेत्र में उनको रोका जा रहा है, वह खानाबदोशों की ही चरागाह भूमि है। चीनी सेना हमारे खानाबदोशों को हमारे ही क्षेत्र में जानवरों को चराने से रोक रही है। मैं अपने खनाबदोशों को सलाम करता हूं, जो हमेशा अपनी भूमि की रक्षा के लिए राष्ट्र की दूसरी संरक्षक शक्ति के रूप में खड़े रहते हैं।

### चीनी बख्तरबंद वाहन व सैनिक भी थे मौजूद

इस घटना के सामने आई वीडियो में तीन चीनी बख्तरबंद वाहन और कई सैनिक दिखाई दे रहे हैं। अलार्म बजा रहे वाहन जाहिर तौर पर चरवाहों को वहां से चले जाने का संकेत दे रहे हैं, लेकिन चरवाहे अपनी जिद पर अड़े हैं और चीनी सैनिकों के साथ बहस करते नजर आ रहे हैं। चरवाहों का कहना है कि वे भारतीय क्षेत्र में जानवर चरा रहे हैं। झगड़ा बढ़ते देखकर कुछ चरवाहे पत्थर उठाते दिख रहे हैं।

### बॉक्सिंग सुपर स्टार मैरी कॉम ने खिलाड़ियों को किया मोटिवेट

# चाहे कुछ भी हो जाए, देख लेंगे... तुम तो 'बनो चैंपियन'

बेधड़क | जयपुर

'चाहे कुछ भी हो जाए, देख लेंगे। लोग कुछ भी बोले परवाह नहीं। बस इसी सोच के साथ आगे बढ़ती गई और गरीब परिवार की होने के बाद भी 6 टाइम वर्ल्ड चैंपियन बनी।' यह कहना था बॉक्सिंग सुपर स्टार मैरी कॉम का, जो जयपुर में 'बनो चैंपियन' कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) पहल के तीन दिवसीय राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में हजारों बच्चों को मोटिवेट करने आई थीं।

सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में 1500 बच्चों के बीच उन्होंने अपनी जर्नी शेयर की। उन्होंने कहा कि जयपुर आने पर एक्साइटेड हूं। मैं इतना कुछ कर पाऊंगी कभी नहीं सोचा था, पर हां दिल में ख्वाब था, जिसे पूरा करना था। गरीब परिवार की होने के कारण मुझे ज्यादा सपोर्ट नहीं मिल पाया। इस मौके पर उनके साथ मंत्री राज्यवर्धन राठौर और संजय अग्रवाल मौजूद थे।


फोटो: पंकज शर्मा

### 1500 प्रतिभाएं दिखाएंगी खेल कौशल

'बनो चैंपियन' में 200 कोच और पर्यवेक्षकों सहित 1500 से अधिक खेल प्रतिभागी वॉलीबॉल, फुटबॉल, थ्रोबॉल, एथलेटिक्स, कबड्डी, वुशु और मुक्केबाजी में अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। पूरे राजस्थान में 64 स्थानों पर आयोजित ग्रामीण और जिला-स्तरीय टूर्नामेंट के बाद, इस टूर्नामेंट का फाइनल बुधवार से एसएमएस स्टेडियम में शुरू हुआ। अक्टूबर 2021 में लॉन्च किए गए बनो चैंपियन कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को एथलेटिक्स, फुटबॉल, थ्रोबॉल और वॉलीबॉल जैसे खेलों में प्रशिक्षण देना है।



### खेल को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी समझे कॉर्पोरेट वर्ल्ड

मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने 'बनो चैंपियन' टूर्नामेंट का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। इस अवसर पर पद्म विभूषण और ओलंपिक पदक विजेता मैरी कॉम और संजय अग्रवाल, ने उनका साथ दिया। कर्नल राजयवर्धन सिंह राठौड़ ने 'बनो चैम्पियन' पहल की सराहना की। उन्होंने कॉर्पोरेट वर्ल्ड से निवेदन किया कि वे सिर्फ अपने व्यापार पर ध्यान देने के बजाय खेल को बढ़ावा दें और खेल को अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों में प्राथमिकता देकर राष्ट्र निर्माण में योगदान करें। हमारा लक्ष्य है 2036 में राजस्थान को ओलंपिक में सोने का पदक दिलाना। इसलिए हमें अब से प्रयास शुरू करने की आवश्यकता है। 'बनो चैम्पियन' कार्यक्रम राजस्थान के सभी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए एक ऐसा मंच प्रदान कर रहा है जिससे वे आगे बढ़कर अपने खेल खेलें और ये पदक जीतें।

### देवनानी को पुस्तक भेंट



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को लेखक हरिसिंह सोलंकी ने 'स्वास्थ्य सौन्दर्य में योग' पुस्तक भेंट की। सोलंकी राजस्थान शाला स्वास्थ योग समिति के संस्थापक हैं। योग समिति पिछले 33 वर्षों से स्कूली बच्चों को योग का शिक्षण दे रही है। सेवा समिति ने पहले राज्य में शारीरिक शिक्षकों को योग का प्रशिक्षण दिया तथा शिक्षकों ने स्कूली छात्रों को प्रशिक्षण दिया। सोलंकी शिक्षा विभाग में योग सलाहकार रह चुके।

### मंदिर में श्रीफल समर्पित

**बेधड़क. जयपुर।** अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान प्रातः राजस्थान के पदाधिकारियों ने प्रांतीय अध्यक्ष पदम जैन बिलाला के नेतृत्व में भगवान आदिनाथ के निर्वाणोत्सव पर आयोजित की जाने वाली 2304 दीपक से 48 मंडलीय महा अर्चना के लिए संघी जी के मंदिर सांगानेर में बुधवार को अतिशय कारी बाबा के समक्ष श्रीफल समर्पित किया गया। पदाधिकारियों में विनोद जैन कोटखावदा, राकेश गोदिका, नरेंद्र बज, ज्ञान चंद बस्सी, पंकज लुहाड़िया, महेश काला, सोभाग अजमेरा, मनोज झांझरी, रमेश बोहरा, सूरज अजमेरा शामिल थे। सांगानेर मंदिर के महामंत्री नरेंद्र पांड्या व संस्थान के महामंत्री सुनील पहाड़िया ने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए गोनेर में विराजित आचार्य सौरभ सागर को श्रीफल भेंट किया गया, जिसमें भाग चंद मित्रपुरा, कमल दीवान, कमल चंद जैन, निर्मल पाटौदी आदि की भी उपस्थिति रही। संस्थान के कोषाध्यक्ष ने बोलखेड़ा में विराजित संस्थान के प्रणेता आचार्य वसुनन्दी को कार्यक्रम के बारे में विस्तार से चर्चा कर कार्यक्रम के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया।

### आशा शर्मा ने जीता गोल्ड मेडल



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान उच्च न्यायालय के प्लेटिनम जुबली समारोह के तहत जिला एवं संभागीय स्तर की खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। जिला एवं सत्र न्यायाधीश महानगर द्वितीय बलजीत सिंह ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। प्रतियोगिता में आशा शर्मा ने महानगर द्वितीय की ओर से खेलते हुए सर्वाधिक गोल्ड मेडल अपने नाम किए। गौरतलब है कि आशा शर्मा अपने समय की राष्ट्रीय स्तर की तैराक भी रह चुकी हैं।

## City इवेंट्स

### केवी-1 में राष्ट्रीय शालेय खेल आज से



**बेधड़क. जयपुर।** राष्ट्रीय शालेय खेल (योगासन, 14 वर्ष तक की आयु श्रेणी के बालक एवं बालिका) 2023-24 का आयोजन केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 1, बजाज नगर में 1 से 4 फरवरी तक किया जाएगा। केन्द्रीय विद्यालय संगठन और स्कूफल गेम्सर फैडरेशन ऑफ इंडिया के इस कार्यक्रम में योगासन से संबंधित विभिन्न सर्वश्रेष्ठ आसन प्रतियोगिताओं में अपने कौशल का जलवा दिखाने देश भर के विभिन्न राज्यों से 374 बालक एवं बालिकाएं आएंगे। केन्द्रीय विद्यालय संगठन, जयपुर संभाग के उपायुक्त बीएल मोरोड़िया ने बताया कि राष्ट्रीय शालेय खेल के उद्घाटन समारोह में डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलपति प्रोफेसर पीके प्रजापति मुख्य अतिथि होंगे। के. वि. सं., नई दिल्ली के संयुक्त आयुक्त(शैक्षिक) एनआर मुरली, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे। इस स्पर्धा में केन्द्रीय विद्यालय संगठन, सीबीएसई वेलफेयर स्पोर्ट्स ऑर्गेनाइजेशन, काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन, आईपीएससी, नवोदय विद्यालय समिति, विद्या भारती के साथ साथ 20 राज्यों एवं तीन केंद्र शासित प्रदेशों से 186 छात्र एवं 188 छात्राएं अपनी प्रतिभा एवं कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

### आज निकलेगी साईं पालकी यात्रा



**बेधड़क. जयपुर।** शहर में गुरुवार को साईं बाबा की पालकी यात्रा निकाली जाएगी। इसके दूसरे दिन दो फरवरी को भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें शहरभर के लोग प्रसादी पाएंगे। यह आयोजन बापू नगर के मोती पार्क में होगा। आयोजन से जुड़ी श्वेता शर्मा ने बताया कि श्री साईं धाम के स्थापना दिवस महोत्सव के पहले दिन एक फरवरी को सुबह 5 बजे काकड़ आरती व मंगल स्नान का आयोजन होगा। इसके बाद सुबह 9 बजे हवन किया जाएगा। दोपहर में मध्यान्ह आरती होगी, इसके साथ ही भजन संध्या का आयोजन होगा। शाम 5 बजे धूप आरती होगी, इसके बाद शाम 6 बजे साईं बाबा की पालकी यात्रा निकाली जाएगी। रात 10 बजे शेज आरती होगी। महोत्सव में 2 फरवरी को सुबह 9 बजे से पादुका पूजन होगा, जो दो घंटे तक चलेगा। संजीव शर्मा ने बताया शोभा यात्रा में अयोध्या राम मंदिर का राम का विग्रह भी रखा जाएगा।

### आज से शुरू होगा जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल

## पांच दिन साहित्य के महासागर में डुबकियां लगाएगी पिंकसिटी



बेधड़क | जयपुर

गुलाबी नगरी आज से पांच दिन तक साहित्य से के रंग में रंगी रहेगी। किताबों की बातें होंगी। कविताएं कही जाएंगी। पॉलिटिक्स के साथ ही कई मुद्दों पर चर्चा होगी। मौका होगा प्रतिष्ठित साहित्यिक शो जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल (जेएलएफ) का, जिसके 17वें संस्करण का शुभारंभ होटल क्लार्क्स आमेर में गुरुवार से शुरू होगा। फेस्टिवल का उद्घाटन उप मख्यमंत्री दिया कुमारी करेंगी। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल गोपाल कृष्ण गांधी का मुख्य संबोधन होगा। फेस्टिवल की सह-निदेशक नमिता गोखले और विलियम डेलरिम्पल, क्लार्क्स ग्रुप ऑफ होटल्स के प्रबंध निदेशक अपूर्व कुमार, महोत्सव संरक्षक संजय अग्रवाल, एमडी और सीईओ एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और फेस्टिवल निर्माता और प्रबंध निदेशक टीमवर्क आर्ट्स-संजॉय रॉय उपस्थित रहेंगे। जेएलएफ के पहले दिन उद्घाटन समारोह के अलावा 40 सेशन होंगे। इनमें सबसे खास पहला सेशन 'बाल-ओ-पारः द बीटिंग हॉर्ट ऑफ पोएट्री' रहेगा। सुबह 11 बजे फ्रंट लॉन में होने वाले इस सेशन में प्रसिद्ध गीतकार गुलजार शामिल होंगे। फ्रंट लॉन में ही 1 से 1:50 बजे तक वाला सेशन 'क्रिकेटः द स्पिरिट ऑफ द गेम' भी स्पेशल रहेगा। इसमें क्रिकेटर अमृत माथुर, अजय जडेजा और वेंकट सुदरम की अमरीश कुमार के साथ क्रिकेट पर बात करेंगे।

### आयोजकों ने जारी किया रूट मैप

## मुख्यमंत्री दिखाएंगे मैराथन को हरी झंडी, कई सेलिब्रिटी दौड़ेंगे



बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जयपुर मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। एक प्रेस वार्ता में वर्ल्ड ट्रेड पार्क के चेयरमैन अनूप बरतरिया और आयोजक पंडित सुरेश मिश्रा ने बताया कि इस बार 100 से ज्यादा संस्थाएं और 200 से अधिक स्कूल-कॉलेज मैराथन का हिस्सा बनेंगे। मैराथन रामनिवास बाग के साउथ गेट से होकर मालवीय नगर पुलिया, अपेक्स सर्किल से यू टर्न लेकर जवाहर सर्किल और बजाज नगर होते हुए वापिस जेएलएन मार्ग पहुंचेगी। इस दौरान मैराथन का बिब भी लॉन्च किया गया।

इस बार मैराथन में 10 लाख रुपए की प्राइस मनी भी रखी गयी है। मैराथन में कई सरकारी अधिकारी भी दौड़ लगाएंगे। सीईओ संजय अग्रवाल ने बताया कि बतौर सेलेब्रिटी फिल्म हिंदुत्व के स्टार्स और भजन सम्राट अनूप जलोटा, सिया के राम फेम आशीष शर्मा सहित अन्य फ्लैग ऑफ में शामिल होंगे। इस बार मैराथन को पहले से ग्रेड बनाने के लिए ड्रीम रन के 6 किमी में 20 स्टेज बनाए गए हैं, जिनमें रनर्स को एंटरटेन किया जाएगा, साथ ही मिस राजस्थान में पार्ट लेने वाली मॉडल्स चियर भी करेंगी। इस बार मैराथन में 'लारजेस्ट ग्रुप ऑफ रनिंग वियरिंग जय श्री राम टी-शर्ट' और 'चीयरिंग ग्रुप ऑफ मैक्सिमम पिपल' कैंपेन के तहत दो विश्व रिकॉर्ड भी बनने वाले हैं।

RIFF-2024 | अभिनेता अखिलेंद्र मिश्रा हुए रू-ब-रू

# समाज ही तय करे कि उसे सिनेमा में क्या देखना है

बेधड़क | जयपुर




अभिनेता अखिलेंद्र मिश्रा ने कहा कि आज के दौर में भारतीय सिनेमा में दो वर्ग हो गए हैं, जिसमें एक वर्ग ऐसा जो 500 करोड़ कमा रहा है तो वहीं एक वर्ग को रोज का मेहनताना भी नहीं मिल रहा है।

हमें समाज के इस छोटे वर्ग को प्रोत्साहित करना चाहिए। वे राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के 'सिनेमा और साहित्य एक असीम रिश्ता' की थीम पर आयोजित टॉक शो में बोल रहे थे। उन्होंने भारत को कहानियों का देश बताया। अभिनेता मिश्रा ने कहा हमें अपनी संस्कृति और परंपराओं को आगे बढ़ाना चाहिए। यही देशभक्ति है। हमें अपनी संस्कृति को समझने के लिए साहित्य पढ़ना चाहिए। एक्टर ने कहा कि पहले फिल्मों में समाज की वास्तविक कहानियों को दर्शाया जाता था, लेकिन आज के दौर में फिल्मी कहानियों की वास्तविकता समाज में देखने को मिल रही है। ऐसे में समाज को ही तय करना होगा कि उसे क्या देखना है और क्या नहीं।

टॉक शो में फिल्म क्रिटिक अजित राय, वेनेजुएला दूतावास काउंसलर अल्फ्रेडो काल्डेरा, वाणी प्रकाशन एडिटर अदिति माहेश्वरी शामिल हुए। संचालन कॉर्पोरेट प्रशिक्षक आशिमा चौधरी, लेखक यश कालरा, रिफ को-फाउंडर और लेखक अंशु हर्ष ने किया।

### साहित्य पढ़ने पर जोर

टॉक शो में फिल्म क्रिटिक अजित राय ने साहित्य पढ़ने पर जोर दिया। राय ने कहा कि सिनेमा पर्दे पर किसी भी कहानी को उतारने के लिए लेखकों को ज्यादा से ज्यादा पढ़ना चाहिए। वाणी प्रकाशन एडिटर अदिति माहेश्वरी ने टॉक शो में साहित्य और सिनेमा को लेकर चर्चा की। अदिति ने कहा कि किताबें हमें बेहतर इंसान बना सकती है। सभ्य समाज के लिए पढ़ना बहुत जरूरी है।

### 'रेड कार्पेट' पर सितारे

रेड कार्पेट पर अभिनेत्री और निर्माता इति आचार्य, पद्मश्री से सम्मानित उस्ताद अनवर खां मांगणियार, अभिनेता अखिलेंद्र मिश्रा, नंदिश सिंह संधू, इंडियन आइडल जूनियर के प्रतियोगी रहे मोती खान सहित कई सितारे गवाह बने।

### इनकी हुई स्क्रीनिंग

फेस्टिवल में शॉर्ट फिल्म द लिगेसी फ्रॉम बियॉन्ड, बीरुबाला, स्मृति, बहरूपिया (द इंपरसोनेटर), फीचर फिल्म 'प्रेमा विमानम, कान्हा जी', डॉक्यूमेंट्री फिल्म रूमा देवी - द क्रूसेडर, लद्दाख 470, गिद्ध और टैंगो बार की स्क्रीनिंग हुई।

सफलता के तीन प्रमुख सूत्र हैं, स्वयं से वादा, मेहनत ज्यादा और मजबूत इरादा।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



## फ्रांस: उग्र किसानों का ट्रैक्टरों के साथ प्रदर्शन



*पेरिस। फ्रांसीसी किसानों का विरोध प्रदर्शन अब पेरिस तक पहुंच चुका है। किसानों के कोहराम के कारण चारों तरफ अराजकता मची है। किसान फसलों की कम कीमतों, हरित विनियमन और फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर तत्काल कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। (इनसेट) बेल्जियम में राजमार्ग जाम कर टायर जलाते हुए किसान।*

### दोनों ने ब्रिटेन में खड़ा किया था काला साम्राज्य

# भारतवंशी जोड़े को ऑस्ट्रेलिया में सुनाई 33 साल की सजा

**एजेंसी** | लंदन

ब्रिटेन में रहने वाले एक भारतीयवंशी जोड़े को ऑस्ट्रेलिया की एक अदालत ने 33-33 साल की सजा सुनाई है। पश्चिमी लंदन के ईलिंग की रहने वाली 59 वर्षीय आरती धीर और 35 वर्षीय कवलजीत सिंह रायजादा ने ड्रग्स तस्करी से करोड़ों का साम्राज्य खड़ा कर लिया था। इस जोड़े पर भारत के गुजरात में अपने दत्तक पुत्र की हत्या करने का भी आरोप है। भारत ने ब्रिटेन से दोनों के प्रत्यर्पण की मांग की थी। लेकिन अस्वीकार कर दी गई थी।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया के साउथवार्क क्राउन कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान जज ने आरती धीर और कंवलजीत सिंह रायजादा को ड्रग्स निर्यात के 12 और मनी लॉन्ड्रिंग के 18 मामलों में दोषी करार दिया। अदालत ने दोनों को 33-33 साल की सजा सुनाई है।



### 2021 में पकड़ी थी 600 करोड़ की कोकीन

राष्ट्रीय अपराध एजेंसी के अनुसार, ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल ने मई 2021 में सिडनी पहुंची आधा टन से अधिक कोकीन पकड़ी थी, जिसकी कीमत 57 मिलियन पाउंड यानी 600 करोड़ रुपए से अधिक है। कोकीन को टूल बॉक्स में बड़ी चालाकी से छुपाया गया था। जांच में पता चला कि कोकीन आरती धीर और कंवलजीत की है। दोनों ने अपने ड्रग्स तस्करी नेटवर्क को सुविधाजनक बनाने के लिए विफ्लाई फ्रेट सर्विसेज नामक एक फ्रंट कंपनी बना रखी थी।

### 21 जून, 2021 में हुई थी गिरफ्तारी

एनसीए ने आरती और कंवलजीत के आवास पर मिले टूल बॉक्स और रसीदों की प्लास्टिक रैपिंग से सबूत जुटाए। जिस पर रायजादा की उंगलियों के निशान मिले। धीर और रायजादा दोनों ही थ्रो फ्लाइट सर्विस कंपनी में पहले से कार्यरत थे, उन्होंने हवाई अड्डे की माल ढुलाई प्रक्रियाओं के अपने अंदरूनी जानकारी का फायदा उठाया। हालांकि, उनकी काली कारतूतों से तब पर्दा उठ गया जब जोड़े को 21 जून, 2021 को उनके हैनवेल निवास पर गिरफ्तार किया गया।

### दो दिन में दोहरा झटका: 78 करोड़ का जुर्माना भी लगाया

# इमरान और बुशरा बीबी को 14 साल की जेल

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को दो दिनों के भीतर दूसरा बड़ा झटका लगा है। एक जवाबदेही अदालत ने तोशाखाना मामले में इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को 14 साल जेल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने दोनों को 10 साल तक किसी भी सार्वजनिक पद पर बहाल होने से रोक दिया है। अदालत ने उन पर 78.7 करोड़ रुपए का सामूहिक जुर्माना भी लगाया गया है। बुशरा बीबी कोर्ट में पेश नहीं हुईं थीं। अदालत का यह फैसला तब आया है, जब आठ दिन बाद यानी 8 फरवरी को पाकिस्तान में आम चुनाव होने वाले हैं। इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ चुनाव आयोग की सख्ती के बीच बिना किसी चुनाव चिह्न के चुनाव लड़ रही है।



एक दिन पहले ही गोपनीयता अधिनियम के तहत स्थापित एक विशेष अदालत ने इमरान खान और उनके विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को 10 साल जेल की सजा सुनाई थी। ताजा सजा रावलपिंडी की अदियाला जेल में जवाबदेही न्यायाधीश मोहम्मद बशीर ने सुनवाई के दौरान सुनाई। इमरान खान उसी जेल में बंद हैं। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि इमरान खान को सुनाई गई दोनों सजा एक साथ चलेंगी या अलग-अलग चलेंगी।

### यह है मामला

प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए इमरान खान ने जब यूरोप समेत अरब देशों की यात्रा की थी, तब वहां के राष्ट्राध्यक्षों ने उन्हें महंगे गिफ्ट दिए थे, जिसे इमरान ने तोशखाना में जमा करवा दिए थे, लेकिन बाद में उन्होंने उन उपहारों को सस्ते दामों में खरीद लिया और बड़े मुनाफे में बेच दिया। पूर्व प्रधानमंत्री ने सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग को बताया था कि तोशखाने से इन गिफ्ट्स को 2.15 करोड़ रुपए में खरीदा गया था और इन्हें बेचकर उन्हें करीब 5.8 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया गया था।

# अमेरिका ने बनाए H-1B वीजा के नए नियम

**एजेंसी** | वाशिंगटन

अमेरिका ने एच-1बी रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया में कुछ बदलाव किए हैं। अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा ने वित्तीय वर्ष 2025 एच-1बी कैप के लिए एक फाइनल नियमों का ऐलान किया है। इसमें कहा गया है कि वीजा पंजीकरण प्रक्रिया की इंटिग्रिटी को मजबूत करने और धोखाधड़ी के जोखिमों को कम करने के लिए ये नए नियम बनाए गए हैं। ये नियम एक लाभार्थी-केंद्रित चयन प्रक्रिया की बात करते हैं, जो सभी लाभार्थियों के लिए निष्पक्षता और समान अवसर सुनिश्चित करता है, चाहे उनकी ओर से प्रस्तुत किए गए पंजीकरणों की संख्या कुछ भी हो। नए नियमों के बाद रजिस्ट्रेशन का चयन अब यूनिक लाभार्थियों के आधार पर किया जाएगा, जिससे धोखाधड़ी की संभावना कम होगी और चयन की समान संभावना सुनिश्चित होगी। यूएससीआईएस वित्त वर्ष 2025 की पंजीकरण की शुरुआत से ही रजिस्ट्रेशन करने वाले प्रत्येक लाभार्थी के लिए वैध पासपोर्ट और वैध यात्रा दस्तावेज की जानकारी प्रदान करने के लिए बाध्य करेगा।

### 6 मार्च से शुरू होंगे रजिस्ट्रेशन

यूएससीआईएस ने शुल्क अनुसूची के लिए भी नियमों की घोषणा कर दी है, जो वित्त वर्ष 2025 एच-1बी कैप के लिए प्रारंभिक पंजीकरण अवधि के बाद प्रभावी होगा। वित्त वर्ष 2025 एच-1बी कैप के लिए प्रारंभिक पंजीकरण अवधि 6 मार्च को खुलेगी और 22 मार्च, 2024 तक चलेगी।

## चुनावी रैली में बम विस्फोट, 4 मरे

**बलूचिस्तान।** पाकिस्तान में चुनावी रैली के दौरान बम विस्फोट से चार लोगों की मौत हो गई। मरने वाले लोग इमरान खान की पार्टी पीटीआई के सदस्य बताए जा रहे हैं। इमरान को 10 साल की जेल की सजा सुनाए जाने के बाद पीटीआई ने उनके समर्थन में चुनावी रैली का आयोजन किया था।

# अमेरिका का लड़ाकू विमान क्रैश

**एजेंसी** | सियोल

दक्षिण कोरिया में बुधवार सुबह अमेरिका का F-16 लड़ाकू विमान क्रैश हो गया। यह घटना दक्षिण कोरिया के पश्चिमी हिस्से में पीले सागर के ऊपर हुई। गनीमत रही कि पायलट विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले बाहर निकलने में कामयाब रहा।



उसे बचा लिया गया है। समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी है। 8वें फाइटर विंग पब्लिक अफेयर्स ने एक बयान जारी किया है। इसमें कहा कि सियोल से लगभग 180 किमी दूर स्थित कुनसन एयर बेस से 8वें फाइटर जेट न उड़ान भरी थी, लेकिन पीले सागर के ऊपर तकनीकी खराबी के कारण इमरजेंसी हालात बन गए। इसके बाद सुबह करीब 8:41 बजे विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### कुआलालंपुर के महल में ली शपथ

# मलेशिया के नए किंग बने सुल्तान

**एजेंसी** | कुआलालंपुर

मलेशिया ने बुधवार को एक समारोह के जरिए अपनी सदियों पुरानी परंपरा का निवर्हन किया। सुल्तान इब्राहिम इस्कंदर को नया राजा घोषित किया गया। सुल्तान इब्राहिम ने शाही नीली पोशाक में बुधवार को राजधानी कुआलालंपुर के राष्ट्रीय महल में आयोजित समारोह में अपने पद की शपथ ली। 65 साल की उम्र में मलेशिया की राजगद्दी पर बैठे जोहोर सुल्तान इब्राहिम इस्कंदर 5.7 बिलियन डॉलर की अनुमानित संपत्ति के मालिक हैं। बाइक राइडिंग का जुनून रखने वाले सुल्तान के पास 300 लग्जरी गाड़ियों का एक विशाल बेड़ा है। इसमें एडोल्फ हिटलर की गिफ्टेड कार भी शामिल है। उनके पास गोल्डन और ब्लू कलर का जेट है। साथ ही परिवार की प्राइवेट आर्मी भी है। सुल्तान इब्राहिम मलेशिया के प्रमुख राजनीतिक नियुक्तियों की देखरेख के अलावा मुस्लिम बहुल देश में सशस्त्र बलों के कमांडर इन चीफ के रूप में काम करेंगे। सुल्तान इब्राहिम मलय ब्रिटिश वंश से हैं। वो अमीर और जोहोर शाही परिवार से हैं।



### चीन से बेहतर संबंध

मलेशिया के नए किंग सुल्तान इब्राहिम का चीन से बेहतर संबंध है। उन्होंने चीनी दिग्गजों के साथ संयुक्त उद्यमों के माध्यम से प्रमुख परियोजनाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सिंगापुर के नेतृत्व के साथ उनके घनिष्ठ संबंध और प्रमुख चीनी डेवलपर्स के साथ व्यापारिक संबंध उन्हें घरेलू और विदेश नीति दोनों पर काफी प्रभाव डालने की स्थिति में रखते हैं। सुल्तान इब्राहिम ने कहा कि शपथ के साथ निष्ठापूर्वक और सही मायने में मलेशिया के कानूनों और संविधान के अनुसार निष्पक्ष शासन करने के लिए वफादार रहूंगा।

### इब्राहिम की संपत्ति $5.7 बिलियन

सुल्तान इब्राहिम के पास रियल एस्टेट और खनन से लेकर दूरसंचार और पाम तेल तक कई कारोबार हैं। उनका भव्य महल इस्ताना बुकिट सेरेन, उनकी पुश्तैनी संपत्ति का प्रमाण है। सुल्तान इब्राहिम की पारिवारिक संपत्ति $5.7 बिलियन आंकी गई है। माना जाता है कि उनकी संपत्ति इससे कहीं अधिक है। उनकी हिस्सेदारी में मलेशिया के प्रमुख सेल सेवा प्रदाताओं में से एक यू मोबाइल में 24% हिस्सेदारी शामिल है, जिसमें निजी और सार्वजनिक कंपनियों में कुल 588 मिलियन डॉलर का अतिरिक्त निवेश शामिल है।






सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl